महाकुम्भ 2025

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

वर्ष : 27 अंक : 47 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 06 फरवरी, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# चुनाव आयोग 'मृत', सफेद चादर भेंट करेंगे : अखिलेश

## मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर आयोग पर बरसे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग व भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि भाजपा इसी तरह से चुनाव लड़ती है और चुनाव आयोग 'मृत' है।

अखिलेश ने न्यूज एजेंसी से बातचीत में कहा, 'भाजपा इसी तरह से चुनाव लड़ती है। चुनाव आयोग मृत है। हमें उन्हें सफेद कपड़ा देना होगा।' बुधवार को अखिलेश यादव ने दावा किया कि पुलिस मतदाताओं के पहचान पत्र की जांच कर रही है। एक्स पर एक पोस्ट में अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग से इसमें शामिल लोगों को हटाने के लिए कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को इस खबर से जुड़ी तस्वीरों का तुरंत संज्ञान लेना चाहिए कि



अयोध्या पुलिस मिल्कीपुर में मतदाताओं के पहचान पत्र की जांच कर रही है, जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं। मतदाताओं में भय पैदा करके मतदान को अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने का यह लोकतांत्रिक अपराध है। ऐसे लोगों को तुरंत हटाया जाना चाहिए और दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए।

हालांकि, अयोध्या पुलिस ने समाजवादी पार्टी प्रमुख के आरोप का जवाब देते हुए कहा कि मतदाताओं के नहीं, बल्कि बूथ एजेंटों के पहचान पत्र की जांच की जा रही है। साथ ही पूर्व सीएम से 'झूठे बयान न देने' के लिए कहा। सोशल मीडिया वेबसाइट एक्स पर एक पोस्ट में अयोध्या पुलिस ने कहा कि पुलिस मतदाताओं के नहीं, बल्कि एक उम्मीदवार के बूथ एजेंट के पहचान पत्र की जांच कर रही है।

उन्होंने कहा कि ऊपर दी गई तस्वीर बूथ एजेंट के पहचान पत्र की है, तस्वीर में दिख रहा व्यक्ति एक उम्मीदवार का बूथ एजेंट है, जिसकी पहचान उसके पहचान पत्र से की गई है। कृपया भ्रामक ट्वीट न करें।

उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को संपन्न हुए उपचुनाव में 57.13 प्रतिशत मतदान हुआ है।

# योगी पहुंचे अपने पैतृक गांव, माँ गढ़वासिनी का लिया आशीर्वाद





**देहरादून ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत आज उत्तराखंड पहुंचे हैं। पौढ़ी स्थित अपने पैतृक गांव पहुंचते ही उन्होंने सबसे पहले पौड़ी गढ़वाल में माँ मानगढ़ वासनी देवी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लिया। यहां उन्होंने पूजा अर्चना कर माता का आशीर्वाद लिया।

सीएम योगी अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने और पौड़ी जिले स्थित अपने पैतृक गांव पंचूर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उत्तराखंड आए हैं। मुख्यमंत्री योगी (शेष पृष्ठ-3 पर)



# बस ने साइकिल सवार को कुचला

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस -2 क्षेत्र के बीपीएल कट के पास तेज गति में आ रही बस के चालक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए साइकिल सवाल की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

मूल रूप से कन्नौज का रहने वाला मोनू 4 फरवरी को फेज दो से ड्यूटी खत्म कर अपनी साइकिल से घर के लिए आ रहा था। बीपीएल कट के पास तेज गति



में आ रहा बस चालक नियंत्रण खो बैठा और उसने मोनू को टक्कर मार दी। इस हादसे में मोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। गंभीर हालत में (शेष पृष्ठ-3 पर)

# जेठ-जिठानी ने की मारपीट प्रेम-विवाह से थे नाराज

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना कासना में एक महिला ने अपने जेठ व जेठानी के खिलाफ मारपीट व जाति सूचक शब्द कहने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने प्रेम विवाह किया था इस बात से उसका जेठ व जेठानी नाराज चल रहे थे।

सिरसा गांव निवासी प्रिया (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह जाति से दलित है। उसने वर्ष 2018 में मोहित गुर्जर से प्रेम विवाह किया था। इस प्रेम विवाह से मोहित गुर्जर के परिजन नाराज थे। मोहित गुर्जर का भाई अमित व उसकी पत्नी पूर्व में कई बार उसके तथा उसके पति के साथ मारपीट कर चुके हैं जिसकी उसने थाने में शिकायत की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रिया के मुताबिक 16 नवंबर 2024 को अमित व उसकी पत्नी प्रियंका उसके घर पहुंचे और विवाह को लेकर उसके तथा उसके पति के साथ गाली गलौज करने लगे। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# घर बुलाकर युवक को रॉड से पीटकर मार डाला

**गाजियाबाद ( ब्यूरो )।** गाजियाबाद में ब्याज के पैसों को लेकर एक युवक की हत्या कर दी गई। लोनी कोतवाली क्षेत्र के अशोक विहार आशियाना सिटी कॉलोनी में ब्याज के पैसे को लेकर आरोपी ने युवक को अपने घर बुलाया और लोहे के रोड से पीटकर उसकी हत्या कर दी। हत्या से पहले उसने युवक को शराब पिलाई। आरोपी ने मृतक से पैसे ब्याज पर ले रखे थे। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया।

एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि शौकिन पुत्र मजीद की हत्या फारुख पुत्र इलियास द्वारा कर दी है। इस सूचना पर थाना लोनी पर मुकदमा दर्ज किया गया



है। फारुख को गिरफ्तार कर लिया गया है पूछताछ में फारुख ने बताया कि उस पर शौकिन के पैसे बकाया थे। किसी कारण से वह दे नहीं पा रहा था। जिस कारण उसके द्वारा शौकिन को अपने घर पर बुलाया गया और लोहे की रोड से पीट कर उसकी हत्या कर दी।

# पाइप लाइन तोड़ने पर एफआईआर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना रबूपुरा क्षेत्र के सेक्टरी-20 पॉकेट पी में विकसित किए जा रहे सेक्टर से अवैध मिट्टी खनन करने तथा सड़क व पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। यमुना एक्सप्रेस औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक ने थाना रबूपुरा में यह मुकदमा दर्ज कराया है।

प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक रिंकू कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि प्राधिकरण द्वारा ग्राम निलोनी शाहपुर में सेक्टर-20 पॉकेट पी को विकसित कर आवंटियों को भौतिक कब्जा दिया जा रहा है। सेक्टर में अवैध खनन व अतिक्रमण





रोकने के लिए प्राधिकरण द्वारा सुरक्षाकर्मी नियुक्त किए गए हैं। 3 फरवरी की रात्रि को सुरक्षा कर्मी विजेंद्र ने सूचना दी कि कुछ खनन माफिया व अराजक तत्व द्वारा सेक्टर-20 में जेसीबी मशीन के द्वारा अवैध खनन किया जा रहा है। जेसीबी मशीन के द्वारा डंपरों में मिट्टी को लोड कर उसे अन्य स्थानों पर भेजा जा रहा है। जानकारी मिलने पर वह स्वयं मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# कार के चारों टायर चुराए ईंटो पर खड़ी की गाड़ी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के छिजारसी के तिकोना पार्क के पास खड़ी कार के चारों पहियों को चोर खोल कर ले गए। पहिए चोरी करने के बाद चोर कार को ईंटों पर टिकाकर रफूचक्कर हो गए। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम छीजारसी निवासी संजय ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसने अपनी आई-20 कार 3 फरवरी को तिकोना पार्क के पास खड़ी की थी। अगले दिन जब वह अपनी कर के पास पहुंचा तो उसके चारों पहिए गायब थे। चोर कार को ईंटों पर खड़ा कर गए थे। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की पड़ताल की जा रही है।

# बिजली के तीन ट्रांसफार्मर से तेल चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** विद्युत ट्रांसफार्मरों से तेल चोरी करने वाले गिरोह ने अलग-अलग स्थानों पर तेल चोरी की तीन घटनाओं को अंजाम दिया। चोरों ने तीन विद्युत ट्रांसफार्मर का ड्रेन वाल्व खोलकर तेल चोरी कर लिया। विद्युत विभाग द्वारा दो थानों में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

सेक्टर-88 स्थित विद्युत उपकेंद्र के अभियंता जितेंद्र बिसवल ने थाना फेज-2 में ट्रांसफार्मर से तेल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अवर अभियंता ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 24 जनवरी को सूचना मिली कि ग्राम याकूबपुर में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। सूचना के बाद लाइनमैन योगेश भाटी व टीजी 2 रविंद्र कुमार को पेट्रोलिंग के लिए भेजा गया।



पेट्रोलिंग के दौरान पता चला कि प्राइमरी स्कूल के पास लगे 400 केवीए के विद्युत ट्रांसफार्मर से अज्ञात चोरों द्वारा तेल चोरी कर लिया गया है। चोरों ने विद्युत ट्रांसफार्मर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। जांच के दौरान पता चला कि ट्रांसफार्मर के टैंक का वॉल खुला हुआ था और उसमें भरा तेल गायब था। अवर अभियंता के मुताबिक चोरी की घटना से विद्युत विभाग को करीब 502206 रुपए की आर्थिक हानि हुई है।

वहीं थाना फेस तीन क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर चोरों ने दो ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त कर तेल चोरी कर लिया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# डोमिनोज पिज़्ज़ा की शॉप में चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** चोरों ने सेक्टर-18 स्थित डोमिनोज पिज़्ज़ा की दुकान सहित दो दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर छत पर लगे ए सी के कॉपर पाइप को काट कर ले गए। डोमिनोज पिज़्ज़ा के मैनेजर ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना सेक्टर-20 में मुकदमा दर्ज कराया है।

मूल रूप से जनपद मऊ के रहने वाले दीपक कुमार गुप्ता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह सेक्टर-18 स्थित डोमिनोज पिज़्ज़ा में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। डोमिनोज पिज़्ज़ा



की दुकान की छत पर बड़े-बड़े एसी रखे हुए हैं जिनसे कॉपर पाइप के माध्यम से हवा डोमिनोज पिज़्ज़ा की दुकान के भीतर आती है। 5 फरवरी की रात्रि को दो अज्ञात लड़के दुकान की छत पर चढ़े और छत पर रखे एसी के कॉपर के पाइप (शेष पृष्ठ-3 पर)

# घर में चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना रबूपुरा क्षेत्र के ग्राम भोयरा में चोरों ने एक घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर से नगदी, लाखों रुपए की ज्वेलरी व अन्य कीमती सामान को चोरी कर ले गए।

ग्राम भोयरा निवासी हेमराज ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 5 फरवरी की देर रात्रि को उसके घर में कुछ अज्ञात चोर घुस आए। घटना के समय परिजन घर में सोए हुए थे। सुबह जब वह सो कर उठे तो उन्हें चोरी की घटना की जानकारी मिली। चोर उनके घर से नगदी,लाखों रुपए के जेवरात व कीमती सामान को चोरी कर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल कर रही है।

# फांवड़े से वार कर किया लहू-लुहान

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सूरजपुर में दो युवकों ने बाइक सवार के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। आरोपियों ने बाइक सवार पर फावड़े से कई वार कर उसे लहू लुहान कर दिया। मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस कर्मी ने किसी तरह बाइक सवार को आरोपियों के चंगुल से बचाया।

ग्राम बिसाहडा निवासी भरत सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपनी बाइक से ड्यूटी जा रहा था। जैसे ही वह तिलपता गांव के शिव मंदिर के पास पहुंचा तो उसे रोहित व उसके एक अन्य साथी ने रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। उसने जब गाली गलौज का विरोध किया तो आरोपियों ने उसका हेलमेट छीन कर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान रोहित ने पास में ही काम कर रहे मजदूरों का फावड़ा उठाकर उस पर कई वार कर उसे लहू लुहान कर दिया। शोर शराबा सुनकर पास में ही ट्रैफिक का संचालन कर रहा ट्रैफिक पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचा और उसे आरोपियों से बचाया। इस दौरान दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। भरत के मुताबिक इस घटना में उसे गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश कर रही है।

# हाथों में हथकड़ी पहनकर विपक्षी नेताओं का प्रदर्शन

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की डिपोर्टेशन पॉलिसी को लेकर दुनियाभर में उथल-पुथल मची हुई है। ट्रंप के आदेश के बाद अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों को उनके मुल्क भेजा जा रहा है। अमेरिका में रह रहे भारत के भी 104 प्रवासी भारतीयों को भेजा जा चुका है। अब इसे लेकर संसद में विपक्षी नेता हथकड़ियां पहनकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और कुछ अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने अमेरिका से कथित अवैध प्रवासियों को वापस भारत भेजे जाने के मुद्दे पर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव और विरोध प्रदर्शन में शामिल कई अन्य विपक्षी सांसदों ने





अपने हाथों में हथकड़ी पहन रखी थी। उन्होंने 'देश का अपमान नहीं सहेंगे' और 'मोदी सरकार हाय हाय' के नारे लगाए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कई अन्य विपक्षी नेता प्रदर्शन में शामिल हुए।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अमेरिका से डिपोर्ट होकर आए भारतीयों को लेकर कहा कि ये सपना दिखा रहे थे कि भारत विश्वगुरु बन गया है पर सरकार अब मौन है। अमेरिका ने बेड़ियां लगाकर भारतीयों को दास की तरह भेजा। विदेश मंत्रालय क्या कर रहा है। महिला, सरकार बच्चों को भी नहीं बचा पाई. ये लोग भारत छोड़कर क्यों गए थे सरकार बताएं।

## पीएम मोदी ने ऐसा क्यों होने दिया : प्रियंका

प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि बहुत सी बातें कही गईं कि राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी बहुत अच्छे दोस्त हैं। पीएम मोदी ने ऐसा क्यों होने दिया? क्या हम उन्हें वापस लाने के लिए अपना विमान नहीं भेज सकते थे? क्या इंसानों के साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है? कि उन्हें हथकड़ी और बेड़ियाँ लगाकर वापस भेजा जाए? विदेश मंत्री और प्रधानमंत्री को जवाब देना चाहिए।



RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)
कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस



# अवैध प्रवासी

यह विडंबना ही है कि पूरे विश्व को लोकतांत्रिक मूल्यों, मानव अधिकारों व आदर्श जीवन मूल्यों की नसीहत देने वाले अमेरिका ने विभिन्न देशों के कथित अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई को बलपूर्वक अंजाम दिया है। सुनहरे सपनों की आस में घर-खेत दांव पर लगाकर व एजेंटों को लाखों रुपये देकर अमेरिका पहुंचे युवाओं ने सपने में नहीं सोचा होगा कि उन्हें अपराधियों की तरह वापस उनके देश भेजा जाएगा। ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता ही है कि हमारी युवा शक्ति दुनिया के विभिन्न देशों में लुट-पिटकर अपमानजनक स्थितियों का सामना कर रही है। कभी उन्हें पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधी बंधक बनाकर ऑनलाइन धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं, तो कभी उन्हें धोखे से बिचौलिए रूसी सेना में भर्ती करवा देते हैं। कभी उन्हें इस्राइल-हमास के भयावह युद्धग्रस्त इलाके में काम की तलाश में पहुंचा दिया जाता है। लाखों भारतवंशियों ने अपनी मेधा व पसीने से अमेरिका की प्रतिष्ठा पर चार-चांद लगाए हैं। अंतरिक्ष में इतिहास रचने वाली कल्पना चावला से लेकर भारतवंशी कमला हैरिस, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से अमेरिका में उपराष्ट्रपति पद तक हासिल किया। यह विडंबना ही है कि मूलतः प्रवासियों द्वारा बसाये देश अमेरिका में आज सेना के बल पर बेहतर भविष्य की तलाश में आए प्रवासियों को खदेड़ा जा रहा है। मैक्सिको की सीमा पर दीवार खड़ी करके सेना तैनात की जा रही है। यह विडंबना ही कि प्रधानमंत्री मोदी की वाशिंगटन यात्रा से कुछ दिन पहले एक अमेरिकी सैन्य विमान से दो सौ से अधिक कथित अवैध भारतीय प्रवासियों को जबरन वापस भारत लाया गया है। निश्चित रूप से संकीर्णतावादी सोच का पक्षधर ट्रंप प्रशासन दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत के साथ वैसा व्यवहार नहीं कर सकता जैसा कि वह अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला, होंडुरास, पेरू के प्रवासियों के साथ कर रहा है। हालांकि, एक अध्ययन में दावा किया गया है कि भारत, अमेरिका में गए सर्वाधिक अवैध अप्रवासियों वाले देशों में शुमार है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा से पूर्व जबरन की गई 'निर्वासन उड़ान' विसंगतियों व विडंबनाओं की ही द्योतक है। हालांकि, भारत ने कूटनीतिक प्रयासों से अवैध अप्रवासन पर समयानुकूल निर्णय लेकर दोनों देशों में संबंध सामान्य बनाने का प्रयास किया। दरअसल, अमेरिका की हालिया यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जमीनी स्तर पर बेहतर कूटनीतिक प्रयास किये। उन्होंने ट्रंप प्रशासन को इस बात को लेकर आश्वस्त किया कि भारत अपने भटके हुए नागरिकों की वैध वापसी के लिये तैयार है। निस्संदेह, भारत ने समझदारी से टकराव टालने का सार्थक प्रयास किया ताकि मोदी-ट्रंप की मुलाकात से पहले दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट न घुले। निश्चय ही तुनक मिजाज ट्रंप व उनके प्रशासन से इस मुद्दे पर अड़ने में कोई समझदारी भी नहीं थी। ऐसी ही स्थिति पर कोलम्बिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो द्वारा अपने प्रवासी नागरिकों से भरे अमेरिकी सेना के जहाज को न उतरने देने की घोषणा करके अपने लिए अपमानजनक स्थितियां पैदा कर दी थी। पहले उन्होंने निर्वासित लोगों को ले जाने वाली सैन्य उड़ानों को स्वीकार करने से मना कर दिया था। लेकिन फिर राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा कोलंबिया पर टैरिफ और प्रतिबंध लगाने की धमकी के बाद उन्होंने यू-टर्न ले लिया। अब वही कोलंबिया के राष्ट्रपति प्रवासियों से तुरंत घर आने और 'सामाजिक संपदा' के निर्माण में योगदान का अनुरोध कर रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या भारत के पास अमेरिका से निर्वासन के लिये चिन्हित अपने करीब अट्ठारह हजार कथित अवैध प्रवासी नागरिकों के पुनर्वास को लेकर कोई योजना है? सरकार कैसे सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में ये लोग फिर किसी आप्रवासन का दुस्साहस नहीं करेंगे? निश्चित रूप से समय की मांग है कि बेईमान ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी कार्रवाई की जाए, जो युवाओं को सुनहरे सपने दिखाकर अवैध रूप से अमेरिका व अन्य देशों में भेजते हैं। निस्संदेह, विकसित भारत का सपना दूर की कौड़ी है, लेकिन सबसे पहली प्राथमिकता देश की युवा शक्ति को कुशल बनाने तथा रोजगार के आकर्षक अवसर पैदा करना होनी चाहिए। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा के दौरान कानूनी प्रवासन को सुव्यवस्थित करने का एजेंडा सर्वोपरि होना चाहिए।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि जो मोह रूपी पिशाच के द्वारा ग्रस्त हैं, पाखण्डी हैं, भगवान के चरणों से विमुख हैं और जो झूठ-सच कुछ भी नहीं जानते, ऐसे अधम मनुष्य ही इस तरह कहते-सुनते हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**अग्य अकोबिद अंध अभागी। काई बिषय मुकुर मन लागी॥**
**लंपट कपटी कुटिल बिसेषी। सपनेहुँ संतसभा नहिं देखी॥**

जो अज्ञानी, मूर्ख, अंधे और भाग्यहीन हैं और जिनके मन रूपी दर्पण पर विषय रूपी काई जमी हुई है, जो व्यभिचारी, छली और बड़े कुटिल हैं और जिन्होंने कभी स्वप्न में भी संत समाज के दर्शन नहीं किए॥

**कहहिं ते बेद असंमत बानी। जिन्ह कें सूझ लाभु नहिं हानी॥**
**मुकुर मलिन अरु नयन बिहीना। राम रूप देखहिं किमि दीना॥**

और जिन्हें अपने लाभ-हानि नहीं सूझती, वे ही ऐसी वेदविरुद्ध बातें कहा करते हैं, जिनका हृदय रूपी दर्पण मैला है और जो नेत्रों से हीन हैं, वे बेचारे श्री रामचन्द्रजी का रूप कैसे देखें!॥

**जिन्ह कें अगुन न सगुन बिबेका। जल्पहिं कल्पित बचन अनेका॥**
**हरिमाया बस जगत भ्रमाहीं। तिन्हहि कहत कछु अघटित नाहीं॥**


जिनको निर्गुण-सगुण का कुछ भी विवेक नहीं है, जो अनेक मनगढ़ंत बातें बका करते हैं, जो श्री हरि की माया के वश में होकर जगत में (जन्म-मृत्यु के चक्र में) भ्रमते फिरते हैं, उनके लिए कुछ भी कह डालना असंभव नहीं है॥

(क्रमशः...)

# राहुल गांधी की देश-विरोधी बचकानी राजनीति

एक बार फिर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नीचा दिखाने के इरादे से ऐसा बयान दिया है जो भारत की साख को आघात लगाने वाला है बल्कि देश की एकता एवं अखण्डता को ध्वस्त करने वाला है। राहुल गांधी किस तरह गैर जिम्मेदाराना बयान देने में माहिर हो गए हैं, यह इस कथन से फिर सिद्ध हुआ कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर इसलिए बार-बार अमेरिका जा रहे थे, ताकि भारतीय प्रधानमंत्री को डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में बुलाया जाए। राहुल गांधी मोदी-विरोध में कुछ भी बोले, यह राजनीति का हिस्सा हो सकता है, लेकिन वे मोदी विरोध के चलते देश-विरोध में जिस तरह के अनाप-शनाप दावे करते हुए गलत बयान देते हैं, वह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता एवं बचकानेपन को ही दर्शाता है। आखिर कब राहुल एक जिम्मेदार एवं विवेकवान प्रतिपक्ष के नेता बनेंगे?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से राजनीति से हटकर भी गहरे व्यक्तिगत आत्मीय मित्रवत संबंध है, इसलिये उनका शपथ ग्रहण समारोह में बुलाने पर किसी तरह का संदेह नहीं हो सकता। लेकिन इस बात को लेकर राहुल के बयान पर हैरानी होना स्वाभाविक है। यही कारण है कि लोकसभा में संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने राहुल गांधी की इस विचित्र बात पर आपत्ति जताई, बल्कि विदेश मंत्री जयशंकर ने भी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि वह ऐसी बात कहकर भारत की छवि खराब करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी के झूठ का उद्देश्य राजनीतिक हो सकता है, लेकिन ऐसे झूठे, भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान से भारत की छवि को गहरा नुकसान हुआ है। यह तय है कि विदेशी मंत्री के प्रतिवाद का राहुल गांधी की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। ऐसी मिथ्या बातें करके वे प्रधानमंत्री पर हमला करने का कोई अवसर नहीं चुकते। वह प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी को कोई महत्व नहीं देते। आखिर यह किसी से छिपा नहीं कि वह उनके खिलाफ तू-तड़ाक वाली अशालीन एवं अमर्यादित भाषा का उपयोग करते रहे हैं। विडंबना यह है कि इस आदत का परित्याग वह नेता प्रतिपक्ष का पद हासिल करने के बाद भी नहीं कर पा रहे हैं। समस्या केवल यह नहीं कि वह प्रधानमंत्री पद की गरिमा की परवाह नहीं करते। समस्या यह भी है कि वह प्रायः ऐसी बचकानी बातें कर जाते हैं, जो राष्ट्रीय हितों के प्रतिकूल होती हैं या दूसरे देशों से संबंधों पर बुरा असर डालती हैं।



**राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं और उन्होंने अन्य सांसदों की ही तरह देश की अखंडता और एकता की रक्षा करने की शपथ ली थी, लेकिन उनके द्वारा समय-समय पर दिये गये वक्तव्य एवं टिप्पणियां पूरी तरह से राष्ट्र विरोधी है।**

राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं और उन्होंने अन्य सांसदों की ही तरह देश की अखंडता और एकता की रक्षा करने की शपथ ली थी, लेकिन उनके द्वारा समय-समय पर दिये गये वक्तव्य एवं टिप्पणियां पूरी तरह से राष्ट्र विरोधी है। ऐसा लगता है कि राहुल गांधी भारत विरोधी अलगाववादी समूह के नेता बनने की राह पर अग्रसर हैं और उनका इरादा भारत की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव को नष्ट करना और देश को गृहयुद्ध की ओर धकेलना है। इस तरह राहुल गांधी द्वारा देश में विभाजन के बीज बोने के प्रयास निंदनीय ही नहीं, घोर चिन्तनीय है। सत्ता के लालच में कांग्रेस एवं उनके नेता देश की अखंडता के साथ समझौता और आम आदमी के भरोसे को तोड़ने से बाज नहीं आ रहे हैं। राहुल के बयानों से ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी लड़ाई सिर्फ भाजपा और आरएसएस से नहीं, बल्कि भारत से है। राहुल गांधी अक्सर भारत राष्ट्र अर्थात भारत के संविधान यानी आंबेडकर के संविधान के खिलाफ विषवमन करते दिखाई देते हैं। गांधी परिवार की 'मुंह में राम और बगल में छुरी' वाली कहावत जनता के सामने बार-बार आती रही है। आंबेडकर के अस्तित्व को नकार कर भारत के संविधान को बदलने के बाद गांधी परिवार देश का विभाजन, दुश्मन देश के नेताओं एवं शक्तियों के सपनों का टुकड़ों वाला भारत चाहता है। आखिर राहुल गांधी और कांग्रेसी किस बात के लिए संविधान की प्रति लेकर चलते हैं? इस तरह एक गैर जिम्मेदार और बचकाने नेता का लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होना क्या देश का दुर्भाग्य नहीं है? राहुल गांधी को गंभीर आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत है।

राहुल गांधी अपने आधे-अधूरे, तथ्यहीन एवं विध्वंसात्मक बयानों को लेकर निरन्तर चर्चा में रहते हैं। उनके बयान हास्यास्पद होने के साथ उद्देश्यहीन एवं उच्छृंखल भी होते हैं। राहुल ने पहले भी बातों-बातों में यह कहा था कि चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है। वह देश के प्रमुख विपक्षी दल के नेता हैं। सरकार की नीतियों से नाराज होना, सरकार के कदमों पर सवाल उठाना उनके लिए जरूरी है। राजनीतिक रूप से यह उनका कर्तव्य भी है। लेकिन चीन के साथ उनकी सहानुभूति अनेक प्रश्नों को खड़ा करती है। ऐसे ही सवालों में आज तक इस सवाल का जवाब भी नहीं मिला कि आखिर राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी दूतावास से चंदा लेने की जरूरत क्यों पड़ी? वह यह नहीं बताते कि 2008 में अपनी बीजिंग यात्रा के दौरान सोनिया गांधी और उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी से समझौता क्यों किया था? इतना ही नहीं, जब राहुल गांधी राफेल विमान सौदे में कथित दलाली खोज लाए थे, तो यहां तक कह गए थे कि खुद फ्रांस के राष्ट्रपति ने उन्हें बताया था कि दोनों देशों में ऐसा कोई समझौता नहीं, जो राफेल विमान की कीमत बताने से रोकता हो। उनके इस झूठ का खंडन फ्रांस की सरकार को करना पड़ा था। डोकलाम विवाद के समय वह भारतीय विदेश मंत्रालय को सूचित किए बिना किस तरह चीनी राजदूत से मुलाकात करने चले गए थे। जब इस मुलाकात की बात सार्वजनिक हो गई तो उन्होंने यह विचित्र दावा किया कि वह वस्तुस्थिति जानने के लिए चीनी राजदूत से मिले थे। क्या इससे अधिक गैरजिम्मेदाराना हरकत और कोई हो सकती है?

राहुल गांधी के गैरजिम्मेदाराना बयानों से यही पता चलता है कि उन्हें न तो प्रधानमंत्री की बातों पर यकीन है, न रक्षा मंत्री की और न ही विदेश मंत्री की। यह भी स्पष्ट है कि उन्हें शीर्ष सैन्य अधिकारियों पर भी भरोसा नहीं। ध्यान रहे, वह सर्जिकल और एयर स्ट्राइक पर भी बतूके सवाल खड़े कर चुके हैं। उनकी कार्यशैली एवं बयानबाजी में अभी भी बचकानापन एवं गैरजिम्मेदाराना भाव ही झलकता है। लगता है कांग्रेस के शीर्ष नेता एवं प्रतिपक्ष के नेता होने के कारण वे अहंकार के शिखर पर चढ़ बैठे हैं, निश्चित ही राहुल के विष-बुझे बयान इसी राजनीतिक अहंकार से उपजे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि भारत के सबसे बड़े दुश्मन राष्ट्र की वे तरफदारी करते एवं चीन के एजेंडे को बल देते नजर आते हैं। उनका यह रवैया नया नहीं, लेकिन यह देश के लिये घातक है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाए जाने के मोदी सरकार के फैसले की राहुल गांधी की अनावश्यक आलोचना को पाकिस्तान ने अपने पक्ष में भुनाने का काम किया था। अब भी वह सीमा विवाद पर चीन की बातों को अहमियत देते हैं और भारत सरकार की जानकारी पर यकीन नहीं करते। जनता यह गहराई से देख रही है कि राहुल किस तरह गलवान में हमारे सैनिकों की वीरता-शौर्य-बलिदान पर सवाल उठाते रहे हैं, भारत की बढ़ती साख, सुरक्षा एवं विकास की तस्वीर को बट्टा लगा रहे है। यह समझ आता है कि वह घरेलू मुद्दों पर सरकार को घेरें और उसकी आलोचना करें, लेकिन कम से कम ऐसी निराधार और मनगढ़ंत बातें तो न करें, जिससे प्रधानमंत्री पद का उपहास उड़े, देश हित आहत हो।

उल्लेखनीय बात यह है कि निन्दक एवं आलोचक कांग्रेस को सब कुछ गलत ही गलत दिखाई दे रहा है। मोदी एवं भाजपा में कहीं आहट भी हो जाती है तो कांग्रेस में भूकम्प-सा आ जाता है। मजे की बात तो यह है कि इन कांग्रेसी नेताओं को मोदी सरकार की एक भी विशेषता दिखाई नहीं देती, कितने ही कीर्तिमान स्थापित हुए हो, कितने ही आयाम उद्घाटित हुए हो, कितना ही देश को दुश्मनों से बचाया हो, कितनी ही सीमाओं एवं भारत भूमि की रक्षा की हो, कितना ही आतंकवाद पर नियंत्रण बनाया हो, कितनी ही देश के तरक्की की नई इबारतें लिखी गयी हो, समूची दुनिया भारत की प्रशंसा कर रही हो, लेकिन इन राहुल एवं कांग्रेसी नेताओं को सब काला ही काला दिखाई दे रहा है। कमियों को देखने के लिये सहस्राक्ष बनने वाले राहुल अच्छाई को देखने के लिये एकाक्ष भी नहीं बन सके हैं?

**-ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

# अत्यंत वृहद है महाकुंभ का मर्म

कुंभ का शब्दार्थ है- घड़ा अर्थात कलश। कुंभ का जीवनार्थ है- काया व मन को पंचतत्त्वों के प्रत्यक्ष स्पर्श में लाकर आत्मसाधना की ओर अग्रसर होना। कुंभावधि में जल नामक तत्त्व गंगा, यमुना व सरस्वती के संगम पर अमृतोन्मुखी हो उठता है। कुंभ के वृहद स्वरूप महाकुंभ में जलतत्त्व के अमृत संपर्क में आकर आत्ममुखी होने का अवसर है महाकुंभी आयोजन। गत तेरह जनवरी से प्रारंभ हुई यह आस्थायात्रा 26 फरवरी 2025 तक चलेगी। अट्ठारह पुराणों से होते हुए चार वेदों तथा असंबद्ध रूप में 108 व मुख्यतः 13 उपनिषदों में समाहित पंचांग स्थिति (तिथि, वार, नक्षत्र, योग तथा करण/नभ, पृथ्वी, वायु, जल तथा अग्नि) द्वारा शुभाशुभ समय के निर्धारण के उपरांत नियत महाकुंभ आयोजन की पौराणिक कथा मूलतः विष्णु पुराण में पुरोल्लिखित हुई थी। इसके अनुसार, महर्षि दुर्वासा के श्राप द्वारा स्वर्ग ऐश्वर्य, धन, वैभव इत्यादि से रहित हो गया था। फलतः इन्द्रादि देवता शक्तिहीन हो गए। सहायतार्थ देवताओं ने भगवान विष्णु की शरणागति की। भगवान ने उन्हें असुरों के साथ मिलकर समुद्र मंथन का उपाय बताया। भगवान ने उन्हें बताया कि मंथन से अमृत प्राप्त होगा, जिसका पान करके वे सभी अमर हो जाएंगे। असुर राजा बलि को देवताओं ने यह युक्ति बताई। वह भी अमरत्व के लोभवश समुद्र मंथन हेतु तैयार हो गया।

देवासुरों ने वासुकि नाग की रस्सी बनाकर मंदराचल पर्वत की सहायता से सागर मथना प्रारंभ किया। परिणामस्वरूप एक-एक कर 14 रत्न निकले। इनमें हलाहल विष, कामधेनु गाय, उच्चैःश्रवा अश्व, ऐरावत गज, कौस्तुभ मणि, कल्पवृक्ष, रंभा नामक अप्सरा, देवी लक्ष्मी, वारुणी अर्थात मदिरा, चन्द्रमा, पारिजात वृक्ष, पांचजन्य शंख, भगवान धन्वन्तरि तथा अमृतकुंभ सम्मिलित थे। इसी अमृत का पान करने दानव परस्पर छल-बल करने लगे। इस पारस्परिक संघर्ष में वे अमृतकुंभ लेकर यहां-वहां दौड़े। दौड़ाभागी में कुंभ से अमृत की बूंदें छलककर प्रयागराज, नासिक, उज्जैन एवं हरिद्वार में गिर पड़ीं। जिस क्रम में वे जहां गिरीं, वहीं उस स्थान पर समयक्रमानुसार छह वर्ष में अर्द्धकुंभ एवं बारह वर्षों में एक बार कुंभ का आयोजन होता है। तत्कालीन देवासुरों के विशाल अस्तित्व के अनुरूप सृजित अमृत की बूंदें आज के युग के मानवों हेतु नदी के समान ही हैं। प्रायः 12 वर्ष के समयचक्र में होने वाले कुंभ की समयावधि में बृहस्पति, सूर्य व चंद्रमा एक साथ एक दिशा एक स्थिति में विद्यमान होते हैं, किंतु बृहस्पति जब मकर राशि में तथा सूर्य व चंद्रमा अन्य शुभ स्थानों पर विराजित होते हैं, तब महाकुंभ का धरायण होता है। खगोलीय एवं ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार 12 कुंभ घटियों के बाद 144 वर्ष का योग बनता है। इस बार यही संयोग है। कलियुग में एक व्यक्ति की दो पीढ़ियों को ऐसा अवसर नहीं मिल पाता है। जिन व्यक्तियों की आयु इस समय तीस वर्ष से अधिक है, उनमें से अधिसंख्य के दादाओं और पिताओं के जीवनकाल में महाकुंभ की स्थिति उत्पन्न ही नहीं हुई। कुंभ के पौराणिक, प्राकृतिक, आध्यात्मिक और दार्शनिक अर्थ असीमित हैं। इन अर्थों को व्यक्तिगत योग चेतना के माध्यम से ही अनुभव किया जा सकता है। कुंभ का मर्म पापमुक्ति एवं मोक्षप्राप्ति से भी गहन है। यदि व्यक्ति के अंदर प्राकृतिक उत्सव में संचित होकर जीवन के प्रति अंतर्दृष्टि खोलने की उत्कट इच्छा है तो उसके लिए महाकुंभ सर्वोत्तम अवसर है। प्रकृति के पंचतत्त्वों में से एक है नीर। प्रत्यक्ष दिखाई देतीं नीरवाहिनी नदियां गंगा, यमुना व अदृश्य रूप में विद्यमान सरस्वती के संगमस्थल के प्रति आस्था, कृतज्ञता एवं सम्मान प्रदर्शित करने का विशाल, भव्य व अद्भुत सम्मेलन संसार में कहां है! इस पावन समय में यह स्थल अलौकिक शोभा एवं सौंदर्य के साथ चमत्कृत है।

इस शुभघड़ी में तीनों सरिताओं के अमृतमय नीर द्वारा क्षयमान शरीर को चेतना प्रदान कर, मंगल स्नान कर और निज क्षमता से ध्यान धर कर व्यक्ति के मन में मौन होने, आध्यात्मिक होने का जो विचारबल प्रस्फुटित होता है, वास्तव में वही महाकुंभ का वास्तविक प्रसाद है, जिसे प्राप्त करने करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुजन माहभर तक प्रयागराज में एकत्र होते रहेंगे। यह विचित्र एवं आश्चर्यचकित करने वाला अनुभव है कि दुनिया के कई देशों की कुल जनसंख्या एक करोड़ भी नहीं है, किंतु महाकुंभ में अब तक इस लेख के लिखे जाने तक पंद्रह करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम वारिप्रवाह में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। महाकुंभ विशुद्ध धार्मिक, आध्यात्मिक, प्राकृतिक एवं दार्शनिक आयोजन है। इसमें किसी भी अनावश्यक बाह्य विचार की आवश्यकता है ही नहीं। यह आत्मज्ञान प्राप्ति का प्राकृतिक उत्स है। यह वही अनुभव कर सकता है, जो रिक्त मन से कुंभ का भागीदार बनता है। पूर्वाग्रह से मुक्त होकर तथा उदार हृदय के साथ इस उत्सव का आत्मसाक्षात्कार करने पर निश्चय ही स्वर्गसम अनुभूतियां प्राप्त होती हैं। करोड़ों-करोड़ देशी-विदेशी लोगों की विशुद्ध आस्था को उनके पवित्र आचरण, अप्रतिम हाव-भाव, पंचतत्त्वों के प्रति उनकी सर्वांगीण भंगिमा के माध्यम से भलीभांति अनुभूत किया जा सकता है। इस पौराणिक संयोजन द्वारा श्रद्धालुओं में इतना आत्मिक प्रभाव उत्पन्न होता है कि वे भौतिक व प्रकट जीवन के कष्टकंटकों को भी पुष्पस्पर्श समझने लगते हैं। महाकुंभ द्वारा प्रज्वलित आत्मदीप्ति में जीवन की वास्तविकता वही देख सकता है तथा इससे स्थायी मुक्ति की अभिलाषा भी वही वरण कर सकता है, जो आस्थावान होकर संगम तट के अंश-अंश को अंगीकार करता है। यह दुर्लभ गति अप्रतिम है। इस गति में प्रवाहित होने का आत्मभाव विराट है। यह अपरिभाषित है। यह केवल और केवल अनुभव के वशीभूत है।

महाकुंभ के पौराणिक उपक्रमों- जैसे शाही स्नान, अखाड़ा स्नान, साधु-संतों के स्नान, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी के स्नान के सामानांतर इस मेले में उपस्थित होकर जो तटस्थ प्राकृतिक ऊर्जा सामान्य व्यक्ति को प्राप्त हो रही है, उसकी प्रेरणा अद्भुत है। महाकुंभ का आस्थावान अंग केवल इसलिए नहीं बनना है कि काया संगम में डुबकी लगाएगी और व्यक्ति का लोक-परलोक सुधर जाएगा, बल्कि आवश्यकता कुंभगत प्राकृतिक प्रभाव को आत्मसात करने की है, ताकि जीवन-मृत्यु के मध्य घूर्णन करते मानवीय अस्तित्व के अंतिम शीर्ष लक्ष्य की ओर उन्मुख होने का आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त हो। मनुष्य का जीवन केवल भौतिक संघर्ष द्वारा ही परास्त नहीं होता। यह वैचारिक एवं मानसिक संघर्ष द्वारा भी अधि सीमा तक दुष्प्रभावित होता है। इन दोनों ही संघर्षों में आत्मबल बृहद सहायक भूमिका में होता है। आत्मबल का जीवंत एवं शाश्वत स्रोत अध्यात्म है। अध्यात्म की श्रेष्ठ उपलब्धियां जिन माध्यमों से साकार होती हैं, महाकुंभ की पारंपरिक उत्सवधर्मिता उनमें सर्वश्रेष्ठ है। साधु-संतों, ऋषियों-मुनियों की अंतर्दृष्टि में महाकुंभ त्याग, तपस्या, साधना, ध्यान, भक्ति, आस्था, प्रकृति के प्रति गहन समर्पण, लोक-समाज के लिए व्यक्तिगत क्षमता के अनुसार दायित्व भावना के उदय तथा अंततः जीवन-मृत्यु के अबूझ कालचक्र से स्थायी मुक्ति प्राप्त करने का आध्यात्मिक उपाय है। कुंभ एक गहन आध्यात्मिक विस्तार है। महाकुंभ का मर्म अत्यंत वृहद है।

**-विकेश कुमार बडोला**
**स्वतंत्र लेखक**

# राशिफल

माघ शुक्ल पक्ष नवमी

(विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। जरूरत के हिसाब से वस्तुएं जीवन में उपलब्ध होंगी। सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
मन अज्ञात भय से ग्रसित रहेगा। चिंताकारी सृष्टि का सृजन होगा। खर्च की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पुराने सोर्स से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य थोड़ा प्रभावित है लेकिन प्रेम-संतान व व्यापार अच्छा रहेगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
व्यावसायिक सफलता मिलेगी। उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
भाग्य साथ देगा। यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आनंदमय जीवन गुजारेंगे। नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी रहेगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा, प्रेम-संतान अच्छा व व्यापार अच्छा है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा के साथ संपन्नता दिख रही है। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम-संतान भी मध्यम।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
लिखने-पढ़ने में समय व्यतीत करें। मानसिक स्वास्थ्य थोड़ा गड़बड़ रहेगा। भावुक बने रहेंगे।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी संभव है। गृहकलह का संकेत है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम-संतान अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
प्रेम-संतान की स्थिति सुधर चुकी है। स्वास्थ्य अभी भी प्रभावित दिख रहा है। व्यापार आपका अच्छा है।

# जेल प्रीमियर लीग : जेल किंग्स ने 2 रन से दर्ज की रोमांचक जीत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला कारागार में चल रहे जेल प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का रोमांच अपने चरम पर पहुंच चुका है। प्रतियोगिता के सोलहवें दिन खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। टूर्नामेंट अब अपने अंतिम चरण में है और फाइनल में पहुंचने की होड़ में टीमें पूरी ऊर्जा और खेल भावना के साथ मैदान में उतरीं।

इस अवसर पर जिला कारागार अधीक्षक बृजेश कुमार, कारापाल संजय कुमार शाही, राजीव कुमार सिंह, उपकारापाल सुरजीत सिंह, श्रीमती ज्ञानलता पाल और शिशिर कान्त कुशवाहा समेत कई अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पहले सेमीफाइनल मुकाबले में जेल किंग्स और जेल नाइटराइडर्स के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को



मिली। जेल किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। जेल किंग्स ने 12 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 93 रन बनाए। कप्तान विनय चड्ढा ने 28 रनों की शानदार पारी खेली। जेल किंग्स के गेंदबाजों ने सटीक लाइन-लेंथ से गेंदबाजी की, जिससे विपक्षी बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जेल नाइटराइडर्स की टीम संघर्ष करती रही, लेकिन शानदार क्षेत्ररक्षण और रणनीतिक गेंदबाजी के चलते 2 रन से मुकाबला हार गई।

सेमीफाइनल मुकाबले के दौरान खिलाड़ियों ने खेल भावना का बेहतरीन प्रदर्शन किया। जेल प्रशासन और आयोजन समिति ने प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए शानदार व्यवस्थाएं कीं।

जिला कारागार अधीक्षक श्री बृजेश कुमार ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य खेल के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा और टीम वर्क को बढ़ावा देना है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# एमिटी में 'बाल मागदर्शन एंव परामर्श पर डिप्लोमा' कोर्स

**नोएडा ( चेतना मंच )।** एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ बिहेवियरल हेल्थ एंड एलाइड सांइसेस द्वारा छात्रों के लिए ''बाल मागदर्शन एंव परामर्श'' पर एक वर्षीय उन्नत डिप्लोमा के प्रथम बैच का पाठयक्रम प्रारंभ किया गया।

एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला ने पाठयक्रम के ओरियंटेशन कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि एमिटी में हमारा विश्वास है कि हर नये कार्य का प्रारंभ हवन करके करना चाहिए इससे जीवन में अवश्य सफलता प्राप्त होगी। बदलते सामाजिक परिवेश में चाहे छात्र हो, बच्चे हो, युवा हो या व्यवसायिक हो हर व्यक्ति को परामर्श एंव मागदर्शन की आवश्यकता है।

विभिन्न कारण जैसे एकल परिवार, व्यस्त जीवन या तकनीकी प्रभाव, लगभग हर व्यक्ति में तनाव और चिंता को बढ़ा रहे है और हर व्यक्ति अपनी परेशानी को किसी के साथ साझा करके परामर्श चाहता है ऐसे आप जैसे युवा काउंसलरों की भूमिका और भी अधिक



महत्वपूर्ण हो जाती है। आप एक स्वस्थ समाज के निर्माण में सहायक बनेगें।

एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ बिहेवियरल हेल्थ एंड एलाइड सांइसेस के मार्गदर्शक डा एस के श्रीवास्तव ने नवप्रवेशित छात्रों के सुखद एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

# उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट : सुधीर भाटी

## दनकौर में पीडीए जन पंचायत का आयोजन




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए जन पंचायत पखवाड़े के अंतर्गत बुधवार को ऊंची दनकौर में समाजवादी पार्टी के युवा नेता बॉबी नागर के संयोजन में पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया।

इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि चुनाव के दौरान जनता के वोट हासिल करने के लिए भाजपा बड़ी-बड़ी लोकलुभावनी घोषणाएं करती है, लेकिन चुनाव जीतने के बाद जनता का शोषण करने लगती है। उन्होंने कहा कि आज अत्यधिक बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से जनता बुरी तरह परेशान है।

सुधीर भाटी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। आए दिन हत्या, बलात्कार, छेड़खानी, चोरी और लूटपाट जैसी आपराधिक घटनाएं हो रही हैं। सरकार इन घटनाओं को रोकने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। विकास कार्य केवल कागजों तक सीमित हैं, जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। सरकार से सवाल पूछने वालों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है।

इस मौके पर प्रमुख रूप से वीर सिंह यादव, डॉ. महेंद्र नागर, सुनील भाटी देवटा, इंद्र प्रधान, नरेंद्र नागर, जिला महासचिव सुधीर तोमर, विकास जतन, विनोद लोहिया, दीपक देवटा, विक्रम टाइगर, मोहित यादव, हुकुम सिंह भारती, दयाराम शास्त्री, लोकेश भाटी, महेश जाटव, हैप्पी पंडित, सुभाष भाटी, मुरारीलाल गौतम, दीपक नागर, देवेंद्र चौधरी, जोरा खान, यशपाल भाटी, विपिन कसाना, अनुज नागर और रजनीकांत भारद्वाज सहित कई नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सृष्टि राज कृत 'बहादुर कूकू' पुस्तक का विश्व पुस्तक मेले में विमोचन

## मेले में हिंदी श्री के स्टाल से सबसे ज्यादा बिकने वाली पुस्तक बनी 'बहादुर कूकू'

**मिर्ज़ापुर।** विश्व पुस्तक मेला, नई दिल्ली के प्रतिष्ठित लेखक मंच से सृष्टि राज की दूसरी पुस्तक बहादुर कूकू का विमोचन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कवि पं. अनित्य नारायण मिश्र, विशिष्ट अतिथि के रूप में गोपाल राय (पूर्व राजपत्रित अधिकारी, सूचना विभाग), वेद प्रकाश प्रजापति (महाप्रबंधक, ए आई ई एस एल), डॉ. मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव (वरिष्ठ साहित्यकार) मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध स्क्रिप्ट राइटर व लेखक शिब्बू गाजीपुरी ने किया। धन्यवाद वेद प्रकाश प्रयागराज ने किया।

सृष्टि राज कृत बहादुर कूकू बाल-कहानियों का संग्रह है। इससे पुर्व 2024 के विश्व पुस्तक मेले में सृष्टि राज की बाल-कहानियों की पुस्तक दर्पण में बचपन का विमोचन हुआ था। सृष्टि राज मिर्ज़ापुर के विंध्यवासिनी महाविद्यालय की छात्रा हैं। जिन्हें बाल साहित्य लेखन के लिए कानपुर और नाथद्वारा, राजस्थान की साहित्यिक संस्थाओं द्वारा पुरस्कृत किया जा चुका है। सृष्टि राज मिर्ज़ापुर के वरिष्ठ साहित्यकार आनंद अमित की पुत्री हैं।

विश्व पुस्तक मेले में मिर्ज़ापुर व आस-पास के जिलों से गिने-चुने स्टाल




लगे हैं। हिंदी श्री के स्टाल पर मिर्ज़ापुर के वरिष्ठ साहित्यकार भोलनाथ कुशवाहा की पांच पुस्तकें, आनंद अमित की छह पुस्तकें, डॉ. मिथिलेश श्रीवास्तव की नौ पुस्तकें, रमाशंकर सिंह यादव की पांच पुस्तकें, डॉ. उषा कनक पाठक, केदार नाथ सविता व स्व. अधिदर्शक की दो-दो पुस्तकें, स्व. आनंद संधिदूत, अरविंद अवस्थी, सर्वेश मिर्जापुरी, अभिनव पांडेय, पूजा यादव व भरत केसरी की एक-एक पुस्तक विश्व पुस्तक मेले में प्रदर्शित की गई हैं।

## पृष्ठ एक के शेष....

**योगी पहुंचे अपने...**

सुबह विमान से जौलीग्रांट पहुंचे। जहां केबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल और गणेश जोशी ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद वे हेलिकॉप्टर से यमकेश्वर के तल्ला बनास गांव पहुंचे। जहां वे मां गढ़वासिनी मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद जनसभा को संबोधित किया।

सीएम योगी ने तल्ला बनास के ग्रामीणों के साथ रुद्राक्ष के पेड़ों का रोपण भी किया। उन्होंने महा योगी गुरु गोरखनाथ डिग्री कॉलेज में 100 फीट तिरंगा पार्क का अनावरण भी किया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के बाद वे शनिवार को देहरादून एयरपोर्ट से वापस लखनऊ रवाना होंगे।

**पाइप लाइन तोड़ने...**

सहायक प्रबंधक के मुताबिक मिट्टी खनन के दौरान आरोपियों ने प्राधिकरण द्वारा बनाई गई सड़क, ड्रेन, सीवर लाइन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। सहायक प्रबंधक ने अवैध रूप से मिट्टी खनन करने के आरोप में ग्राम चांदपुर निवासी गब्बर सिंह व ग्राम फलेदा निवासी रवि भाटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

**जेठ-जिठानी ने...**

उसने जब इस बात का विरोध किया तो अमित व उसकी पत्नी ने उनके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान दोनों ने उसके साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता का कहना है कि उसके द्वारा प्रेम विवाह किए जाने से उसके जेठ व जेठानी ने उसका जीना दुभर कर रखा है।

**बस ने साइकिल...**

मोनू को कुलेसरा स्थित बाबा मोहन राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। मोनू की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे सेक्टर-110 स्थित यथार्थ अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। उपचार के दौरान मोनू की मौत हो गई। इस संबंध में मृतक के भाई सोनू ने बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए बस नंबर के आधार पर चालक की तलाश की जा रही है।

**डोमिनोज पिज़्ज़ा...**

को काटकर चोरी कर ले गए। दोनों चोरों ने पास में बनी चाइनीज बॉच की दुकान की छत पर लगे एसी के पाइप भी काट लिए। शहर के अति सुरक्षित समझे जाने वाले सेक्टर-18 में चोरों ने इस घटना को अंजाम देकर यहां की पुलिस सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिया है।

**बिजली के तीन...**

विद्युत विभाग के अवर अभियंता नवतेज सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि विद्युत सप्लाई बाधित होने की सूचना मिलने पर संविदा कर्मी लाइनमैन दिनेश कुमार सेक्टर 70 में पेट्रोलिंग पर गए। पेट्रोलिंग के दौरान ग्रीन बेल्ट के गेट नंबर चार के पास लगे दो ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त मिले। चोरों ने ट्रांसफार्मर की बॉडी में लगे वाल्व को काटकर तेल चोरी कर लिया था। बता दे कि पिछले कुछ दिनों से विद्युत ट्रांसफार्मर से तेल चोरी होने की घटनाएं बढ़ी हैं। पुलिस पूर्व में ट्रांसफार्मर से तेल चोरी करने वाले गिरोह के कई सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भी भेज चुकी है।

# यूएनओ की साधारण सभा अध्यक्ष ने किया अस्पताल का दौरा




**नोएडा ( चेतना मंच )।** संयुक्त राष्ट्र संघ की साधारण सभा के अध्यक्ष फिलेमोन यांग ने जिला चिकित्सालय सेक्टर 39 का निरीक्षण किया तथा टीकाकरण अभियान की जानकारी ली। इस मौके पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. रेनू अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ललित, पुलिस के जॉइंट कमिश्नर शिवहरी मीणा, डीसीपी नोएडा जोन प्रथम राम बदन सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट विवेकानंद मिश्र एवं संबंधित प्रशासन, पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गंगा समग्र का कार्यकर्ता सम्मेलन 7 से 9 तक

## 7 को निकलेगी भव्य कलश यात्रा

**प्रगागराज ( ब्युरो )।** गंगा समग्र, गंगा सहित समस्त जल तीर्थों की अविरलता एवं निर्मलता पर कार्य करने वाला एक राष्ट्रीय संगठन है। आगामी 7 से 9 फरवरी गंगा समग्र अपने महाकुंभ के शिविर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्य कर्ता संगम करने जा रहा है।

7 फरवरी को गंगा सेविकाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकलेगी जो संगम घाट संख्या 22 से प्रारंभ होकर गंगा समग्र के शिविर तक पहुंचेगी। उद्घाटन सत्र 8 फरवरी 2025 को होगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती एवं केंद्रीय राज्य जल शक्ति मंत्री डॉ राजभूषण चौधरी शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सह सर कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ डॉ कृष्ण गोपाल होंगे। जिसमें देश भर के पाँच हजार कार्यकर्ता तीन दिन तक गंगा सहित समस्त जल तीर्थ की अविरलता और निर्मलता पर चर्चा करेंगे।



इस कार्यकर्ता संगम में एस टी पी द्वारा शोधित जल को भी गंगा जी में न छोड़ने का मुद्दा प्रमुख रूप से रहेगा। उक्त बातें राष्ट्रीय संगठन मंत्री गंगा समग्र रामाशीष ने प्रेस वार्ता के माध्यम से बताई। अपनी बात रखते हुए रामाशीष ने बताया कि जब तक समस्त सहायक नदियों पर कार्य नहीं होगा तब तक गंगा को प्रदूषण मुक्त नहीं किया जा सकता।

# एचसीएल साइक्लॉथोन का आयोजन 23 फरवरी को




**नोएडा ( चेतना मंच )।** एचसीएल का साइक्लॉथोन-2025 का आयोजन 23 फरवरी को होगा। इसको लेकर पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने सेक्टर-108 में कार्यक्रम कराने तथा समुचित यातायात प्रबंधन हेतु एचसीएल कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान एडिशनल कमिश्नर शिवहरी मीणा, डीसीपी रामबदन सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मंगलेश दुबे, डीसीपी (सेंट्रल) शक्ति मोहन अवस्थी, डीसीपी ट्रैफिक लखन सिंह यादव, डीसीपी रवि शंकर निम, अशोक कुमार, उप जिला क्रीड़ा अधिकारी अनीता नागर एवं संबंधित अधिकारीयों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

एचसीएल कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा आयोजित बैठक में पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से एचसीएल साइक्लोथों-नोएडा 2025 के कार्यक्रम एवं रूट प्लान की संबंधित जानकारी से पुलिस आयुक्त एवं जिला अधिकारी को अवगत कराया गया। पुलिस आयुक्त ने पुलिस विभाग एवं जिलाधिकारी ने प्रशासन के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोजित होने वाली प्रतियोगिता को लेकर एच सी एल कंपनी के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए प्रस्तावित कार्यक्रम एवं रूट प्लान के अनुसार अपनी तैयारियां सुनिश्चित करें, ताकि प्रतियोगिता को जनपद में सकुशल संपन्न कराया जा सके।




**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

**खास खबर**

### प्रिंस करीम आगा खान चतुर्थ का निधन

लिस्बन। दुनिया भर में फैले लाखों शिया इस्माइली मुसलमानों के आध्यात्मिक नेता प्रिंस करीम अल-हुसैनी आगा खान चतुर्थ का निधन हो गया है। मंगलवार को 88 साल की उम्र में लिस्बन (पुर्तगाल) में उन्होंने अंतिम सांस ली। वह महज 20 साल की उम्र में इस्माइली मुसलमानों के 49वें इमाम और आध्यात्मिक नेता बने थे। उन्होंने अपना जीवन लोक कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने इस्माइली मुसलमानों का आध्यात्मिक नेतृत्व करने के साथ ही अरबों डॉलर की मदद से विकासशील देशों में घरों, अस्पतालों और स्कूलों का निर्माण कराकर अलग पहचान भी बनाई। प्रिंस करीम अल-हुसैनी आगा खान चतुर्थ के परिवार को पैगंबर मोहम्मद साहब का वंशज माना जाता है। वह पैगंबर मुहम्मद साहब की बेटी हजरत बीबी फातिमा और पैगंबर साहब के दामाद हजरत अली, इस्लाम के चौथे खलीफा और पहले शिया इमाम के वंशज थे।

### इंडोनेशिया में 6.2 तीव्रता का भूकंप

जकार्ता। इंडोनेशिया में बुधवार को जोरदार भूकंप आया। इस भूकंप के डर से लोग घर से बाहर निकल आए और जान बचाने भागने लगे। इंडोनेशिया के उत्तरी मालुकु में आया भूकंप 6.2 तीव्रता का था। अभी तक इस भूकंप से किसी नुकसान की कोई खबर नहीं है। मीडिया रिपोर्ट में बताया कि भूकंप बुधवार तड़के आया। भूकंप 81 किलोमीटर गहरा था। राहत की बात है कि इससे सुनामी का कोई खतरा नहीं है। अक्सर इंडोनेशिया में जब भूकंप आता है तो सुनामी का भी खतरा मंडराने लगता है। रिपोर्ट में इंडोनेशिया की आपदा कंट्रोल एजेंसी ने भूकंप से हुए नुकसान पर फिलहाल कोई अपडेट नहीं दिया है। इंडोनेशिया भूकंप के लिहाज से संवेदनशील इलाके में आता है, जिसे रिंग ऑफ फायर कहते हैं। यहां धरती की अलग-अलग परतें मिलती हैं, जिसकी वजह से भूकंप और ज्वालामुखी गतिविधि बहुत होती है। यहां अक्सर भूकंप के झटके आते रहते हैं। इससे पहले नेपाल और तिब्बत में भूकंप के झटके महसूस हुए थे।

### पैसे के लालच में कर दी दोस्त की हत्या

मथुरा। यूपी के मथुरा पुलिस ने एक सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए 4 युवकों को गिरफ्तार किया है। इन चारों ने अपने ही एक नाबालिग दोस्त का न सिर्फ अपहरण किया बल्कि गला घोंटकर उसकी हत्या भी कर दी। मथुरा के उप महानिरीक्षक ने कहा कि 10वीं कक्षा के छात्र तरूण कुमार के पिता योगेश कुमार ने सोमवार को बेटे के लापता होने की सूचना दी थी। ऐसे में सोशल मीडिया पर वृन्दावन कट लाल दरवाजा निवासी छात्र के लापता होने का अलर्ट जारी किया था और उसकी तलाश शुरू की गई। उसके मोबाइल फोन और इलाके के सीसीटीवी फुटेज से पुलिस को पता चला कि तरुण को उसके चार दोस्त एक पार्टी के बहाने ले गए थे। इसके बाद उन्होंने उसे एक खाली घर में रखा और उसके पिता को फिरौती के लिए मैसेज किया। इसमें यह बताया गया था कि अगले दिन 10 बजे कॉल करके बताएंगे कि पैसा कहां पर लाना है। इस बीच तरुण को अपने दोस्तों की योजना के बारे में पता चल गया तो उसने भागने की कोशिश की।

# आतंकी फंडिंग मामले में एसआईए ने बडगाम में दो जगहों पर की छापेमारी

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने बुधवार को आतंकी फंडिंग मामले में बडगाम जिले में दो जगहों पर छापेमारी की है। एक अधिकारी ने बताया कि एसआईए ने बुधवार को बडगाम जिले में दो लोगों के यहां छापेमारी की गई है। इनमें से एक कार डीलर है, जबकि दूसरा एक व्यवसायी है। सूत्रों ने बताया कि एसआईए की यह छापेमारी आतंकी फंडिंग मामले की चल रही जांच का हिस्सा है। एसआईए स्थानीय सीआईडी की एक शाखा है और यह आतंकवाद से संबंधित अपराधों की जांच करती है।





हवाला सौदे, आतंकी फंडिंग और आतंकवादियों और आतंकी नेटवर्क को वित्तीय सहायता की जांच एसआईए कर रही है। उन्होंने बताया कि एसआईए ने आतंकवादियों की मदद करने में शामिल लोगों के खिलाफ भी जांच हुई और बाद में नामित कोर्ट में आरोपपत्र पेश किए। इनमें श्रीनगर शहर के हवाल इलाके में 2 सितंबर, 2020 को आतंकवादियों के हमले में मारे गए वकील बाबर कादरी की हत्या मामले में आरोपपत्र शामिल था। कादरी के हत्यारों के बारे में जानकारी जुटाने के लिए एसआईए ने 2023 में 10 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। वर्ष 2021 में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने दावा किया कि कादरी की हत्या में लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर साकिब मंजूर शामिल था। साकिब मंजूर को एक अन्य आतंकवादी कमांडर के साथ श्रीनगर में मुठभेड़ के दौरान मार गिराया गया था। हालांकि वर्ष 2022 में पुलिस ने मामले में श्रीनगर के बरजुल्ला इलाके में मियां कयूम के आवास सहित तीन वकीलों के घरों पर छापेमारी की।

## नॉनवेज पर लगे प्रतिबंध : शत्रुघ्न सिन्हा

एजेंसी

नई दिल्ली। अभिनेता से नेता बने टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने पूरे देश में मांसाहार पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि केवल गोमांस ही नहीं, बल्कि सामान्य रूप से सभी प्रकार के नॉनवेज भोजन पर देशभर में प्रतिबंध लगाना चाहिए। न केवल गोमांस, बल्कि सामान्य रूप से मांसाहारी भोजन पर भी देश में प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। लेकिन जो नियम उत्तर भारत में लागू किए जा सकते हैं, उन्हें पूर्वोत्तर राज्यों में लागू नहीं किया जा सकता। साथ ही उन्होंने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की सराहना की है। और अपनी चिंताएं भी जाहिर की हैं। टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करना प्रथम दृष्टया में सराहनीय है। देश में समान नागरिक संहिता लागू होनी चाहिए और मुझे यकीन है कि हर



कोई मेरी बात से सहमत होगा। लेकिन इसमें कई बारीकियां और खामियां हैं। समान नागरिक संहिता के प्रावधानों का मसौदा तैयार करने से पहले एक सर्वदलीय बैठक आयोजित की जानी चाहिए।बता दें कि उत्तराखंड ने 27 जनवरी से यूसीसी को लागू करने के साथ एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। उत्तराखंड यूनिफॉर्म सिविल कोड एक्ट, 2024 विभिन्न व्यक्तिगत कानूनों को सरल बनाएगा, जिनमें विवाह, तलाक, वंशानुक्रम और उत्तराधिकार से संबंधित कानून शामिल हैं।

## स्कूल में अंधाधुंध फायरिंग, शूटर समेत 11 की मौत

एजेंसी

ओरेब्रू। यहां के एक स्कूल में हुई गोलीबारी से शूटर समेत 11 लोगों की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि इस हमले को एक अकेले शूटर ने अंजाम दिया, लेकिन इस हमले का मकसद अब तक साफ नहीं हो सका है।स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम से लगभग 200 किलोमीटर पश्चिम में स्थित ओरेब्रू के कैंपस रिसबर्गस्का में हुई, जहां वयस्कों को शिक्षा दी जाती है। यह संस्थान उन लोगों के लिए है जो समय पर अपनी स्कूली शिक्षा पूरी नहीं कर सके। हालांकि, इस स्कूल के नजदीक बच्चों का एक स्कूल भी मौजूद है। पुलिस ने यह भी साफ किया कि अभी तक इस हमले का आतंकवाद से कोई संबंध सामने नहीं आया है। लेकिन संदिग्ध हमलावर के मकसद को लेकर कोई जानकारी



नहीं मिली है।इस हमले से पूरे यूरोप में सदमा फैल गया। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयन ने इस घटना पर गहरा दुख जताते हुए कहा, ऐसी हिंसा और आतंक हमारे समाज में कोई जगह नहीं रखते, खासतौर पर स्कूलों में। पुलिस का कहना है कि हमलावर पहले से किसी अपराध में वॉन्टेड नहीं था। हमले के तुरंत बाद पुलिस ने संदिग्ध के घर पर छापा भी मारा, लेकिन वहां से क्या मिला, इसकी जानकारी साझा नहीं की गई। स्वीडन के राजा कार्ल सोलहवें गुस्ताफ ने इस दुखद घटना पर शोक जताते हुए पीड़ितों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, यह खबर मेरे और मेरे परिवार के लिए बेहद दुखद और स्तब्ध करने वाली है। स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन ने इस घटना को देश की अब तक की सबसे भीषण सामूहिक गोलीबारी करार दिया। उन्होंने कहा, आज हमने निर्दोष लोगों के खिलाफ खौफनाक और जानलेवा हिंसा देखी। इस हमले ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। पुलिस प्रमुख रॉबर्टो ईड फॉरेस्ट के मुताबिक, अपराध स्थल पर नुकसान इतना ज्यादा हुआ कि मरने वालों की सटीक संख्या तुरंत नहीं बताई जा सकी। उन्होंने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि कई घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। स्वीडिश न्याय मंत्री गुनार स्ट्रोमर ने इस हमले को समाज को झकझोर देने वाली घटना बताया। उन्होंने कहा, स्वीडन ने हमेशा सोचा था कि हमारे देश में इस तरह की घटना नहीं होगी, लेकिन आज हमें भी इस खौफनाक हकीकत का सामना करना पड़ रहा है।

### सम्मेलन में शामिल होने आए प्रोफेसर की मौत

कानपुर। यूपी में एक प्रोफेसर की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह आईआईटी कानपुर और सीएसजेएम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने आए थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ तो मौके पर मौजूद डॉक्टरों ने उन्हें सीपीआर दिया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। बता दें कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक के प्रोफेसर वीएन मिश्रा का निधन हो गया। वह 2 फरवरी को आईआईटी कानपुर और सीएसजेएम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने आए थे। सम्मेलन के समापन सत्र में प्रो. मिश्रा दर्शक दीर्घा में बैठे व्याख्यान सुन रहे थे, तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। मौके पर मौजूद डॉक्टरों ने उन्हें तुरंत सीपीआर दिया।

## प्रियंका गांधी वाड्रा ने मां सोनिया और पति-बेटे के साथ किया मतदान

एजेंसी

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए बुधवार दोपहर 1 बजे तक 33.31 प्रतिशत मतदान हो चुका है। सबसे ज्यादा 24.87 प्रतिशत मतदान नार्थ-ईस्ट दिल्ली में हुआ। जो कि भाजपा सांसद मनोज तिवारी का संसदीय क्षेत्र है। भाजपा ने सीलमपुर में फर्जी मतदान कराए जाने का आरोप लगाया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, एलजी वीके सक्सेना, विदेश मंत्री एस जयशंकर, मुख्यमंत्री आतिशी और राहुल गांधी वोट कर चुके हैं। इसके अलावा प्रियंका गांधी वाड्रा ने मां सोनिया और पति-बेटे के साथ वोट डाला। आप प्रमुख और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल अपने माता-पिता को व्हीलचेयर पर लेकर वोट डालने पहुंचे। भाजपा ने आरोप लगाया है



कि सीलमपुर में बुर्के में महिलाओं से फर्जी मतदान कराया जा रहा है। इसके बाद पुलिस जांच कर रही है। आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि नॉर्थ एवेन्यू एन ब्लॉक में 2000-3000 रुपये बांटे और लोगों की उंगलियों पर स्याही लगी। दिल्ली चुनाव में यह सभी धांधली चुनाव आयोग की नाक के नीचे हो रहा है। आप विधायक दिनेश मोहनिया के खिलाफ एक महिला ने फ्लाइंग किस देने का केस दर्ज कराया है। ओखला विधायक अमानतुल्लाह खान के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन का केस दर्ज किया है।

## गाजा अब रहने लायक नहीं है कहीं और बसना ही बेहतर होगा : ट्रंप

एजेंसी

वाशिंगटन । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार (स्थानीय समयानुसार) को कहा कि उन्हें नहीं लगता कि गाजा में फिलिस्तीनियों का कोई परमानेंट फ्यूचर है। उनका कहना था कि युद्धग्रस्त क्षेत्र यानी गाजा अब रहने लायक नहीं है। वहां के निवासियों के पास हमेशा के लिए वहां से चले जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। ट्रंप ने सुझाव दिया कि गाजा के लोग अपने घर की बजाय मध्य पूर्व के एक या एक से अधिक देशों की ओर से मुहैया कराई गई किसी नई जगह पर चले जाएं। डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा और फिलिस्तीन पर यह बात ऐसे वक्त में कही है, जब इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू उनसे मिलने अमेरिका पहुंचे हैं। ओवल ऑफिस में बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बातचीत से कुछ देर पहले ट्रंप ने कहा, ह्यमेरा मतलब है कि वे वहां इसलिए हैं क्योंकि उनके पास और कोई विकल्प नहीं है। उनके पास है क्या? अभी तो वह मलबे का ढेर है। गाजा पट्टी को स्थायी रूप से छोड़ने के डोनाल्ड ट्रंप के सुझाव को एक भड़काऊ रुख माना जा रहा है। उनके इस बयान से फिर युद्ध के भड़कने की आशंका है। इसकी वजह है कि ट्रंप का बयान इजरायल को तो जरूर पसंद आएगा, मगर फिलिस्तीन और

### मालगाड़ी के 3 डिब्बे पटरी से उतरे

नई दिल्ली । ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में राउरकेला रेलवे स्टेशन के पास मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। अधिकारियों ने घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि मालगाड़ी के तीनों डिब्बे पटरी से उतरकर मालगोदाम झुग्गी बस्ती में रेल की पटरी के पास स्थित लोगों के घरों के करीब चले गए। झुग्गी बस्ती में रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया, ह्यह्यजब डिब्बे हमारी कॉलोनी की ओर बढ़े तो हम अपने घरों से निकलकर बाहर चले गए। दुर्घटना के कारण रेलवे फाटक-बसंती कॉलोनी मार्ग पर यातायात बाधित हो गया।

## मुंबई अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए 100 मीटर लंबा स्टील ब्रिज का निर्माण

एजेंसी

मुंबई । नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए चार रेलवे ट्रैक; पश्चिमी रेलवे के दो और किम एवं सायन के बीच दो डीएफसीसी ट्रैक पर स्टील ब्रिज का निर्माण किया गया। इस ब्रिज में दो स्पैन हैं; 100 मीटर, 60 मीटर जिस से दोहरी लाइन मानक गेज रेल ट्रैक की सुविधा मिलेगी। इस महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण के विकास में चार प्रमुख ट्रैक - दो पश्चिमी रेलवे और दो डीएफसीसीआईएल और एक सिंचाई नहर को पार करना शामिल है। 100 मीटर का स्पैन 28 जनवरी 2025 से 5 फरवरी 2025 तक पश्चिमी रेलवे और डीएफसी ट्रैक पर लॉन्च किया गया, जबकि 60 मीटर का स्पैन निर्माण स्थल पर ट्रैक के पास स्थित सिंचाई नहर के ऊपर बनाया जाएगा। पश्चिम रेलवे और डीएफसीसीआईएल ट्रैक पर 1432 मीट्रिक टन वजन वाले 100 मीटर लंबे स्टील ब्रिज के निर्माण के लिए, लगभग 525 मीट्रिक टन वजन वाले 84 मीटर लंबे लॉन्चिंग नोज का उपयोग किया गया। 14.3 मीटर चौड़ा, 100 मीटर का यह स्टील ब्रिज, 1432 मीट्रिक टन वजन का है, जिसे गुजरात के भुज में स्थित आरडीएसओ द्वारा अनुमोदित कार्यशाला में तैयार किया गया है और इंस्टालेशन के लिए सड़क मार्ग से साइट पर लाया गया है। इस स्टील ब्रिज के 100 मीटर फैलाव को साइट के अहमदाबाद छोर पर जमीन से 14.5 मीटर की ऊंचाई पर अस्थायी संरचना पर जोड़ा गया था और 50 मि.मी. व्यास वाले मैक-लॉय बार का उपयोग करके 250 टन की क्षमता वाले दो अर्ध-स्वचालित जैक के स्वचालित तंत्र के साथ खींचा गया था। इस निर्माण स्थल पर पियर की ऊंचाई 12 मीटर है।100 मीटर स्पैन की ब्रिज असेंबली में लगभग 60000 (100 मीटर) टोर-शियर टाइप हाई स्ट्रेंथ (ळकळर) बोल्ट का उपयोग किया गया है, जो 100 साल के जीवनकाल के लिए डिजाइन किए गए हैं। ब्रिज के 2 स्पैन को उ5 सिस्टम पेंटिंग से पेंट किया गया है और उन्हें इलास्टोमेरिक बियरिंग पर रखा जाएगा।

## समारोह पूर्वक मनाई जायेगी महाकवि प्रदीप जी की 110वीं जयंती

**महाकवि प्रदीप की रचनाएं देश का मान बढ़ाया उनकी कलम अंग्रेजी हुकूमत की नाक में दम कर दिया था, ऐसे देश भक्त को शत शत नमन : अविनाश पाण्डेय**

शशि भूषण दूबे

नागपुर। देश भक्त गीतकार महाकवि प्रदीप जी को एक दीप कवि प्रदीप जी के लिए आज 6 फरवरी को उनके 110 वी जयंती पर एक समारोह पूर्वक मनाया जायेगा जिसके आयोजक देश के लोकप्रिय पूर्व सांसद एवं विदर्भ हिंदी साहित्य सम्मेलन नागपुर के अध्यक्ष एवं महाकवि प्रदीप जी फाऊंडेशन नागपुर के अध्यक्ष अविनाश पाण्डेय द्वारा मधुरम सभागृह में आज सायं काल 7 बजे से सायं काल 9 बजे तक आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री राजश्री कांत जिचकर एवं अध्यक्षता दैनिक भास्कर समूह के समूह संपादक प्रकाश दुबे द्वारा किया जाएगा। आपको बताते चलें कि मशहूर गीतकार कवि प्रदीप का जन्म 6 फरवरी, 1915 को उज्जैन, मध्य प्रदेश में हुआ एवं उनका मूल नाम रामचंद्र नारायणजी द्विवेदी था। आज महान कवि प्रदीप का जन्मदिन है जिसने अपनी रचनाओं से देश का मान बढ़ाया जिसकी



कलम ने अंग्रेजी हुकूमत की नाक में दम कर दिया था। 1962 के भारत-चीन युद्ध में भारत की हार से लोगों का मनोबल गिर गया था, ऐसे में सरकार की तरफ से फि ल्म जगत के लोगों से ये अपील की गई कि- अब आप लोग ही कुछ करिए. कुछ ऐसी रचना करिये कि पूरे देश में एक बार फिर से जोश आ जाए और चीन से मिली हार के गम पर मरहम लगाया जा सके। तब भारत-चीन युद्ध में मारे गए भारतीय सैनिकों की याद में लिखा था जिसे 27 जनवरी 1963 की शाम शाम राजधानी दिल्ली के नेशनल स्टेडियम में सबसे पहले लता मंगेशकर ने भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और तत्कालीन राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के सामने इस गाने को गाया था गीत के बोल थे 'ऐ मेरे वतन के लोगों, जरा आंख में भर लो पानी...और कहते हैं कि जब इसे नेहरू जी ने सुना तो उनकी आंखों से आंसू झलक आए। कार्यक्रम में तत्कालीन राष्ट्रपति एस राधाकृष्णन और सभी कैबिनेट मंत्रियों के अलावा लगभग पूरी फि ल्म इंडस्ट्री इस मौके पर मौजूद थी। बॉलीवुड की जो हस्तियां वहां मौजूद थीं उनमें दिलीप कुमार, देव आनंद, राज कपूर, राजेंद्र कुमार, गायक मोहम्मद रफी और हेमंत कुमार शामिल थे। उनकी पुत्री मितुल प्रदीप ने अपने एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि दुर्भाग्य से उनके पिता को उस कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया गया परंतु बाद में गीत से बेहद प्रभावित हुए पंडित नेहरू ने विशेष आग्रह कर तीन महीने बाद 21 मार्च 1963 को मुंबई में कवि प्रदीप से मुलाकात की और उन्हीं की आवाज में इस गीत को सुना। प्रदीप का जन्म 6 फरवरी 1915 को मध्यप्रदेश के छोटे से शहर में एक मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ उनकी मृत्यु 11 दिसंबर, 1998 को मुंबई में हुई लेकिन उनके गीत आज भी हमारे बीच अमर हैं ! आपका वास्तविक नाम रामचंद्र नारायणजी द्विवेदी था। आपको बचपन से ही हिन्दी कविता लिखने में रूचि थी. आपने 1939 में लखनऊ विश्वविद्यालय से स्नातक तक की उनकी रुचि शिक्षक बनने में थी और कविताएं भी लिखा करते थे। एक बार किसी काम के सिलसिले में उनका मुंबई जाना हुआ और उसी समय उन्हें मुंबई में हो रहे एक कवि सम्मेलन का निमंत्रण मिला सम्मेलन में एक शख़्स आया था जो उस वक़्त बॉम्बे टॉकीज में काम करता था. उसे उनकी कविता बहुत पसंद आई और उसने ये बात बॉम्बे टॉकीज के मालिक हिमांशु राय को सुनाई.उन्होंने फौरन कवि प्रदीप को बुलवाया और कुछ सुनाने को कहा. कवि प्रदीप ने अपने एक इंटरव्यू में कहा है कि, हिमांशु राय जी को मेरी रचनाएं बहुत पसंद आईं और उन्होंने मुझे फौरन 200 रुपए प्रति माह पर रख लिया जो उस वक़्त एक बड़ी रकम हुआ करती थी. इस इंटरव्यू में कवि प्रदीप ने बताया था कि वो 90 के दशक के संगीत से बिल्कुल खुश नहीं थे और इस वजह से उन्होंने गाने लिखने बंद कर दिए थे। साल 1998 में कवि प्रदीप का निधन हो गया था। 1943 में 'कि स्मत' फिल्म का गीत बहुत प्रसिद्ध हुआ था। उनकी पुत्री मितुल प्रदीप ने अपने इंटरव्यू में बताया था कि 1943 में फि ल्म 'कि स्मत' के लिए पिताजी के लिखे गीत 'दूरो हटो ऐ दुनियावालों... के कारण ब्रितानी सरकार ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया था, जिसके चलते वो कई दिनों तक भूमिगत भी रहे. यह गीत इस कदर लोकप्रिय हुआ कि सिनेमा में दर्शक इसे बार-बार सुनने की मांग करते थे और फि ल्म की समाप्ति पर इस गीत को सिनेमा हॉल में दोबारा सुनाया जाने लगा था।

# खनिज के बदले यूक्रेन की जंग में मदद करेंगे ट्रम्प

▸ समझौते को तैयार, यूक्रेन के पास बढ़िया खनिज

एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन से जंग में मदद जारी रखने के बदले रेयर अर्थ मटेरियल (दुर्लभ मृदा संसाधन) को लेकर समझौता करने की बात कही है। न्यूज के मुताबिक सोमवार को ट्रम्प ने ओवल ऑफिस में मीडिया से कहा कि अमेरिका ने यूक्रेन को अपने यूरोपीय सहयोगियों के मुकाबले ज्यादा सैन्य और आर्थिक सहायता भेजी है। ट्रम्प ने कहा कि हम यूक्रेन के साथ एक ऐसा समझौता करना चाहते हैं कि जिसके तहत वो अपने






रेयर अर्थ मटेरियल और अन्य महत्वपूर्ण संसाधनों की सुरक्षा करेगा। ट्रम्प ने बताया कि कि उन्हें यूक्रेनी सरकार से यह मैसेज मिला है कि वे अमेरिका को आधुनिक तकनीकी अर्थव्यवस्था बनने में मदद करने के लिए रेयर अर्थ मटेरियल को लेकर एक समझौता करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि मैं रेयर अर्थ मटेरियल की सुरक्षा चाहता हूं। हम सैकड़ों अरब डॉलर लगा रहे हैं। उनके पास बहुत बढिया रेयर अर्थ मटेरियल है। रेयर अर्थ मटेरियल 17 एलिमेंट्स का एक ग्रुप है, जो कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर मिलिट्री इक्विपमेंट तक में इस्तेमाल होता है। इसका उपयोग आईटी इंडस्ट्रीज, सौर ऊर्जा, केमिकल इंडस्ट्रीज के अलावा आधुनिक तकनीकी ऑयल रिफाइनरी में और कई अन्य इंडस्ट्रीज में होता है। बेतुकी जंग को खत्म करने जा रहे हैं। इससे पहले ट्रम्प ने कहा था कि यूक्रेन में संघर्ष को खत्म करने के लिए चर्चा जारी है। हम जल्द ही जंग खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा- हमने रूस और यूक्रेन के मामले में काफी प्रगति की है। हम देखेंगे कि क्या होता है। हम उस बेतुकी जंग को रोकने जा रहे हैं। जंग शुरू होने के बाद से अमेरिका यूक्रेन को करीब 63 अरब डॉलर (5.45 लाख करोड़ रुपए) की मदद दे चुका है। ट्रम्प अपने इलेक्शन कैंपेन के दौरान भी एक दिन में यूक्रेन वॉर खत्म कराने की बात कह चुके हैं। हालांकि उन्होंने इसके बारे में कोई डिटेल नहीं दी थी। वहीं यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि उनके देश को शामिल किए बिना अमेरिका और रूस के बीच कोई भी वार्ता स्वीकार नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके (ट्रम्प और पुतिन) अपने संबंध हो सकते हैं, लेकिन हमारे बिना यूक्रेन के बारे में बात करना सभी के लिए खतरनाक है। जेलेंस्की ने कहा कि हमारी टीम लगातार ट्रम्प सरकार के संपर्क में हैं। जल्द ही हमारी आमने सामने की बैठक होगी। डोनाल्ड ट्रम्प के चुनाव जीतने के बाद से उनसे अरबपति सहयोगी इलॉन मस्क लगातार चर्चा में बने हुए हैं। विपक्षी पार्टी का आरोप है कि राष्ट्रपति भले ही ट्रम्प बने हैं लेकर असली ताकत मस्क के हाथों में गई है।

## एलन मस्क ने अमेरिका में नौकरशाही के काम करने के रवैये पर उठाए सवाल

एजेंसी

वॉशिंगटन। डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद उनका यह कार्यकाल अलग नजर आ रहा है। सरकारी कर्मचारियों के कामकाज से लेकर अवैध प्रवासियों को बाहर भेजने तक उनका एजेंडा साफ है। उन्होंने सरकारी विभागों में काम की गति बढ़ाने की जिम्मेदारी अपने दोस्त एलन मस्क को दी है। टेस्ला, एक्स जैसी कंपनियों के मुखिया एलन मस्क अपनी अद्भुत कार्यक्षमता के लिए जाने जाते हैं और अब उन्होंने सरकारी कर्मचारियों को भी ज्यादा से ज्यादा काम करने की सीख दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया है, जिसे लेकर चचाएँ हो रही हैं। उन्होंने



अमेरिकी नौकरशाही के काम करने के रवैये पर ही सवाल उठाया और कहा कि यदि ऐसे ही हुआ तो फिर सरकार कैसे कामयाब होगी। मस्क ने अमेरिका में 120 घंटे वाली बहस तब छेड़ी है, जबकि भारत में 70 से 90 घंटे काम को लेकर बहस हो रही है। पिछले दिनों एल एंड टी के सीईओ ने कर्मचारियों से कहा था कि वह सप्ताह में 90 घंटे काम करते हैं। आखिर आप लोग भी घर में बैठकर कब तक पत्नी को देखेंगे।

# राष्ट्रीय खेल: सुरुचि ने जीता स्वर्ण, 3 पोजीशन्स के फाइनलिस्ट तय

एजेंसी

**देहरादून।** त्रिशूल शूटिंग रेंज में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों के शूटिंग मुकाबलों में देशभर के निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। मंगलवार को हुए मुकाबलों में 10 मीटर एयर पिस्टल महिला फाइनल और 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन्स पुरुष वर्ग के क्वालिफिकेशन राउंड प्रमुख आकर्षण रहे।

इस स्पर्धा में हरियाणा की सुरुचि ने 245.7 अंकों के शानदार स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। उनके राज्य की ही पलक ने 243.6 अंकों के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि पंजाब की सिमरनप्रीत कौर ब्रार ने 218.8 अंकों के साथ कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।

इस प्रतियोगिता में 33 निशानेबाजों ने हिस्सा लिया, जिनमें से शीर्ष आठ खिलाड़ियों ने फाइनल में जगह बनाई। मध्य प्रदेश के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 598 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन



राउंड में पहला स्थान हासिल किया। उनके अलावा सर्विसेज के चैन सिंह (594), नीरज कुमार (591), निशान बुढ़ा (589), महाराष्ट्र के स्वप्निल सुरेश कुसाले (588), उत्तर प्रदेश के अखिल श्योराण (587), मध्य प्रदेश के गोल्डी गुर्जर (587) और सर्विसेज के गंगा सिंह (587) भी फाइनल में पहुंचने में सफल रहे। 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन्स पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला बुधवार को खेला जाएगा, जहां शीर्ष आठ निशानेबाज पदकों के लिए जोरदार मुकाबला करेंगे। 38वें राष्ट्रीय खेलों में निशानेबाजों का यह प्रदर्शन उनकी कड़ी मेहनत और प्रतिभा कापरिचायक है।

## कर्नाटक पदक तालिका में शीर्ष पर बरकरार

**देहरादून।** राष्ट्रीय खेलों की पदक तालिका में कर्नाटक शीर्ष पर बरकरार है। कर्नाटक ने अब तक कुल 53 पदक जीते हैं, जिनमें 28 स्वर्ण, 12 रजत और 13 कांस्य पदक शामिल हैं। सर्विसेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 21 स्वर्ण, 10 रजत और 9 कांस्य पदकों के साथ कुल 40 पदक जीते और दूसरा स्थान बरकरार रखा। महाराष्ट्र ने अब तक 16 स्वर्ण, 33 रजत और 27 कांस्य पदकों के साथ कुल 76 पदक जीते हैं। हालांकि, स्वर्ण पदकों की संख्या कम होने के कारण यह तीसरे स्थान पर है। तमिलनाडु 11 स्वर्ण, 16 रजत और 16 कांस्य पदकों के साथ चौथे स्थान पर है, जबकि मणिपुर ने 11 स्वर्ण, 10 रजत और 5 कांस्य पदकों के साथ पांचवें स्थान पर अपनी जगह बनाई है। हरियाणा ने 7 स्वर्ण, 13 रजत और 19 कांस्य के साथ कुल 39 पदक जीते हैं। वहीं, दिल्ली ने 7 स्वर्ण, 10 रजत और 7 कांस्य पदकों के साथ कुल 24 पदक अपने नाम किए। पंजाब ने 6 स्वर्ण, 7 रजत और 12 कांस्य पदकों के साथ 25 पदक जीते हैं। मेजबान राज्य उत्तराखंड अब तक 3 स्वर्ण, 11 रजत और 12 कांस्य पदकों के साथ 26 पदक जीत चुका है, लेकिन वह 15वें स्थान पर है। 38वें राष्ट्रीय खेल में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। अगले कुछ दिनों में कौन सा राज्य शीर्ष स्थान पर रहेगा, यह देखना दिलचस्प होगा।

### बैडमिंटन स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे खिलाड़ी

38वें राष्ट्रीय खेल बैडमिंटन के मुकाबले शुरू हो गये हैं। देहरादून में खेले जा रहे इन मुकाबलों का शुरूआती दौर समाप्त हो गया है। इसमें पुरुष एवं महिला एकल के मुकाबले खेले जा रहे हैं। इसमें हरियाणा के रवि ने उत्तराखंड के चिराग सेन को सीधे सेटों में 21-17, 21-13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी है। वहीं महाराष्ट्र के कौशल ने कर्नाटक के रघु को 18-21, 21-13, 21-12 से हराकर शानदार जीत हासिल की है। मध्य प्रदेश के आलाप मिश्रा ने चंडीगढ़ के रौनक चौहान को कड़े मुकाबले में 21-18, 15-21, 21-18 से हराया। महाराष्ट्र के दर्शन पुजारी ने राजस्थान के शंकर सरस्वत को 21-8, 22-24, 21-16 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। उत्तराखंड के सूर्यक्श रावत ने कर्नाटक के भार्गव एस को 10-21, 21-14, 21-16 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनायी।

## खास खबर

### डब्लूयपीएल का तीसरा सत्र 14 से

**मुम्बई ।** महिला प्रीमियर लीग (डब्लूयपीएल) का तीसरा सत्र 14 फरवरी से शुरू होगा। इसमें पांच टीमें भाग लेंगी। पिछले बार की विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इसमें अपना खिताब बरकरार रखने उतरेगी। डब्ल्यूपीएल सत्र 3 के मुकाबले इस बार लखनऊ सहित कुल चार शहरों में खेले जाएंगे जबकि पिछले सत्र के मुकाबले केवल दो शहरों में ही खेले गए थे। टूनामेंट के तीसरे सत्र में कुल 22 मैच खेले जाएंगे। इस बार भी 5 टीमें हिस्सा लेंगी। डब्ल्यूपीएल 2025 के मैच लखनऊ के इकाना स्टेडियम, वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम, बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम और मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडिमय में खेले जाएंगे। टूनामेंट का पहला मुकाबला मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात जायंट्स के बीच वडोदरा में खेला जाएगा। सभी मुकाबलों की शुरूआत शाम 7:30 बजे से होगी।

### कमिंस हुए चोटिल, खेलने की संभावनाएं नहीं

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस चोटिल हो गये हैं और उनका आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में खेलना तय नहीं है। ऑलराउंडर मिचेल मार्श पहले ही चोटित होने के कारण बाहर हो गये थे। ऐसे में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने माना है कि कमिंस के टूनामेंट तक फिट होने की काफी कम संभावनाएं हैं। ऐसे में टीम नए कप्तान की तलाश कर रही है। कमिंस अपने टखने की चोट से परेशान हैं। ऐसे में स्टीव स्मिथ या ट्रैविस हेड चैम्पियंस ट्रॉफी में टीम की कप्तानी कर सकते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका के खिलाफ दो एकदिवसीय मैच खेलने हैं। मैकडॉनल्ड ने कहा,ह्व कमिंस किसी भी प्रकार की गेंदबाजी फिर से शुरू नहीं कर पाए हैं, इसलिए उनका खेलना संभव नजर नहीं आता है। इसका मतलब है कि हमें एक कप्तान की जरूरत है। इसके लिए स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड के नाम पर विचार हो रहा है। इसमें से किसी एक को टीम की कमान मिल सकती है। उन्होंने कहा, ह्न कमिंस का खेलना संभव नहीं है।

### एकदिवसीय नहीं खेलेंगे जेमी स्मिथ

**मुम्बई ।** इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ चोटिल होने के कारण भारतीय टीम के खिलाफ पहले दो एकदिवसीय मैचों से बाहर रह सकते हैं। जेमी अभी तक अपनी पिंडली के दर्द से नहीं उबरे हैं। उन्हें राजकोट में तीसरे टी20 मैच के दौरान पिंडली में दर्द महसूस हुआ था। उसके बाद से ही उनका इलाज जारी है। जेमी अगले बुधवार को अहमदाबाद में तीसरे और अंतिम मैच से पहले फिटनेस जांच से गुजरेंगे। उसके बाद ही उनके खेलने पर फैसला होगा। वहीं अनुभवी बल्लेबाज जो रूट दौरे टीम से जुड़ गये हैं। रूट को स्पिनर रेहान अहमद की जगह टीम में शामिल किया जाना था परअब उन्हें 50 ओवर के मैचों के लिए टीम में बने रहने के लिए कहा गया है। तेज गेंदबाज साकिब महमूद के भी शुरूआती एकदिवसीय में खेलने की उम्मीद है।

# भारत और इंग्लैंड के बीच एकदिवसीय सीरीज आज से

एजेंसी

**मुम्बई ।** भारत और इंग्लैंड के बीच गुरुवार से तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज में सबकी नजरें भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पर रहेगी। ये दोनो ही पिछले काफी समय से रन नहीं बना पाये हैं। वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर टी20 सीरीज में भारतीय टीम से मिली हार के के बाद इस सीरीज में जीत के इरादे से उतरेंगे। चैम्पियंस ट्रॉफी से शुरू होने वाली इस सीरीज से दोनो ही टीमों को अभ्यास का अच्छा अवसर मिलेगा। भारत और



इंग्लैंड के बीच 3 मैच की एकदिवसीय सीरीज का पहला मैच 6 फरवरी को नागपुर खेला जाएगा। वहीं दूसरा मुकाबला 9 फरवरी को कटक जबकि तीसरा और आखिरी मैच 12 फरवरी को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 1.30 बजे से शुरू होगा। टॉस मैच शुरू होने से आधा घंटा पहले यानी 1 बजे किया जाएगा। दोनो ही टीमों के बीच अब तक कुल 107 एकदिवसीयच खेले गए हैं। इसमें भारतीय टीम ने 58 में जीत हासिल की है जबकि 44 मुकाबले इंग्लैंड ने जीते हैं। वहीं दो मैच टाई रहे और 3 मैचों के परिणाम नहीं आये। इन मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग आप डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देखी जा सकते हैं। इसके अलावा इन मैचों को डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर भी देखा जा सकता है।

# नारायण साहू की पुण्यतिथि पर रोड रेस का आयोजन

एजेंसी

**रांची।** झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन के तरफ से बुधवार को स्वर्गीय नारायण साहू जी के पुण्यतिथि के शुभ अवसर पर आज रोड रेस का आयोजन अरगोड़ा चौक में किया गया जिसमें 3 किलो मीटर 30 + महिलाओं का जिसमें 1st ,सोनाली राय 2nd, इंदिरा रानी ,3 किलो मीटर 30+ वेटरन पुरुष का 1st, रंजीत मुंडा 2nd, वीरेंद्र प्रसाद साहू 3rd, राजेंद्र महतो 5 किलो मीटर बालक 1st, संजीव कुमार 2nd, दीपक कुमार महतो 3rd, अनूप उरांव 4th रोशन कुमार, 5th रोहन पहन 6th, राम मोहाली,5 किलो मीटर महिला 1st,पूजा सिं 2ल्र्ला ,ममता कुमारी



3rd, रितु कुमारी 10 किलोमीटर पुरूष 1st, गुलशन कुमार 2nd, पवन सिंह 3rd,पहलाद ओरांव, 4th, जानकी कुमार,5th सुजीत सरकार, 6th, संजय महतो, इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर हमारे झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन के प्रेसिडेंट पीसी देवगन साहब प्रेसिडेंट राजकुमार वाल्मीकि सच्ची लक्ष्मण राम को सड़क वीरेंद्र प्रसाद साहू राजेंद्र महतो संजय राय निर्मला कुमारी रवि पिंटू सिंह एसके दत्ता सुनील राम मधु उरांव केके, ठाकुर ,श्याम दो महतो इसके बाद एक रंजीत मुंडा और मनोरंजन प्रसाद सभी को चंदन साहू जी के द्वारा सम्मानित किया गया धन्यवाद ज्ञापन झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मण राम के द्वारा किया गया।

# राष्ट्रीय खेल के लिए झारखंड एथलेटिक्स टीम उत्तराखंड रवान



एजेंसी

**रांची।** 38वें नेशनल गेम्स, उत्तराखंड का आयोजन 28 जनवरी से 14 फरवरी तक 2025 तक आयोजित है, जिसमें एथलेटिक्स की स्पर्धा देहरादून के महाराजा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 08 से 12 फरवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा। खेल निदेशालय झारखंड, रांची द्वारा बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोराबादी रांची में 16 जनवरी से 04 फरवरी तक आयोजित 21 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर उपरांत झारखंड एथलेटिक्स टीम खेल विभाग के प्रशिक्षक आशु भाटिया एवं योगेश यादव के नेतृत्व में भाग लेने के लिए देहरादून के लिए आज रांची से देहरादून के लिए रवाना हुई। खेल सचिव मनोज कुमार, निदेशक संदीप कुमार ,झारखंड एथलेटिक्स संघ प्लानिंग कमिटी चेयरमैन डॉ मधुकांत पाठक, अध्यक्ष सी डी सिंह, सचिव एस के पांडेय, संघ के पदाधिकारीयों, अवर सचिव राजेश कुमार झारखंड खेल प्राधिकरण के मणिकांत कुमार, देवेंद्र सिंह समेत विभागीय अधिकारियों ने शुभ कामना दी।

## द्रविड़ की कार को ऑटो ने मारी टक्कर

**बेंगलुरु ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और कोच रहे राहुल द्रविड की कार को टक्कर मारे जाने का एक मामला सामना आये है। द्रविड़ की कार को एक ऑटो-रिक्शा ने टक्कर मारी थी। इससे आम तौर पर शांत रहने वाले द्रविड़ गुस्से में आ गये। द्रविड़ का ये गुस्से वाला रुप देखकर लोग हैरान रह गये। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें द्रविड़ ऑटो ड्राइवर से गुस्से में बात करते हुए दिख रहे हैं। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार द्रविड़ की कार को एक मालवाहक ऑटो ने टक्कर मार दी हालांकि यह बात साफ नहीं हो पाई है कि द्रविड़ गाड़ी स्वयं चला रहे थे या उनके साथ ड्राइवर था। ये मामला बेंगलुरु के व्यस्त इलाके कनिंघम रोड का है। इस दौरान ऑटो चालक ने ट्रैफिक में फंसी द्रविड़ की कार को पीछे से टक्कर मारी।

# छत्तीसगढ़ में आज से शुरू होगा लीजेंड्स 90 क्रिकेट लीग

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बलिदानी वीरनारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की मेजबानी में लीजेंड 90 लीग टूनामेंट का आगाज 6 फरवरी को होने जा रहा है। यह टूनामेंट 18 फरवरी तक चलेगा। वहीं आज बुधवार को 6 टीमों के 60 से अधिक खिलाड़ी रायपुर पहुंचेंगे। आईपीएल की तर्ज पर दर्शकों को ओपनिंग सेरेमनी देखने को मिलेगी, जिसमें तमन्ना भाटिया, आयुष्मान खुराना और हार्डी संधू धमाकेदार परफॉर्मेंस करेंगे। लीजेंड्स 90 क्रिकेट लीग में देश-विदेश के दिग्गज क्रिकेटर हिस्सा लेंगे। आज बुधवार 6 फरवरी से पहले इन टीमों के दिग्गज खिलाड़ी रायपुर पहुंचेंगे। इन खिलाड़ियों की मौजूदगी क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक बड़ा आकर्षण होगा। इस लीग में शामिल टीमों के



नाम, उनके कप्तान और स्टार खिलाड़ी पहले ही चर्चा में आ चुके हैं, और सभी की नजरें इस रोमांचक टूनामेंट पर टिकी हुई हैं। वहींलीजेंड 90 लीग के लिए पिच को तैयार किया गया है। मैदान के चारों और लाइट सिस्टम लगाया जा रहा है। लीग टूनामेंट से पहले व्यवस्था को बेहतर कर लिया गया है। दर्शकों के बैठने के लिए कई हजार नई सीटें लगाई गई है। लीजेंड्स 90 क्रिकेट लीग की ओपनिंग सेरेमनी भी बेहद खास होगी। इस आयोजन में फिल्म और संगीत जगत के मशहूर सितारे अपनी धमाकेदार परफॉर्मेंस देंगे। बॉलीवुड के स्टार अभिनेता आयुष्मान खुराना, खूबसूरत अभिनेत्री तमन्ना भाटिया और पंजाबी सिंगर हार्डी संधू इस भव्य आयोजन में परफॉर्म करेंगे। इन स्टार्स के लाइव परफॉर्मेंस से शाहर-शारिका का माहौल बन जाएगा, जो सभी को आकर्षित करेगा। लीजेंड 90 लीग में दर्शकों के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग शुरू हो चुकी है। पहले दिन के लिए टिकट खरीदी जा रही है। स्टेडियम में ऑफलाइन भी टिकट मिलेगी. आयोजक द्वारा व्यवस्था बनाई जा रही है। ऑनलाइन टिकट खरीदने वाले दर्शक टिकट को स्कैन करवाकर सीधे स्टेडियम में प्रवेश करेंगे।मैच के दौरान इस बार दर्शकों के लिए खाने की सुविधा नहीं रहेगी. पानी लेकर साथ में लेकर आना होगा।

# वरुण एकदिवसीय टीम के नेट सत्र में हुए शामिल

एजेंसी

**नागपुर ।** टी20 सीरीज में शानदार गेंदबाजी के कारण एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल स्पिनर वरुण चक्रवर्ती आज यहां नेट अभ्यास के लिए भारतीय टीम से जुड़ गये। भारतीय टीम के उप कप्तान शुभमन गिल ने टीम के अभ्यास सत्र के बाद कहा, ह्यहां, वरूण चक्रवर्ती भारतीय दल का हिस्सा है। ऐसा माना जा रहा है कि मुख्य कोच गौतम गंभीर चाहते हैं कि चक्रवर्ती लय में रहें और विराट कोहली, रोहित शर्मा और ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ियों को गेंदबाजी करें। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में बदलाव की समयसीमा 12 फरवरी



तक है और ऐसे में वह चयन के लिए मजबूत दावेदार बने हुए हैं। भारतीय टीम में अभी अंगुली के तीन स्पिनर हैं जिसमें से दो बाएं हाथ के गेंदबाज रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल जबकि एक दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर है। अक्टूबर 2024 में स्पोर्ट्स हर्निया के ऑपरेशन के बाद वापसी करने वाले कुलदीप यादव टीम में एकमात्र कलाई के स्पिनर हैं। ऐसे में अगर वरुण इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में अच्छी गेंदबाजी करते हैं तो उन्हें चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए टीम में जगह मिल सकती है।

भारतीय टीम में दूसरा कलाई का स्पिनर नहीं है और ऐसे में वरुण की शानदार फॉर्म उनके पक्ष में काम कर सकती है। जब चक्रवर्ती पिछली बार 2021 टी20 विश्व कप के दौरान दुबई की सपाट पिचों पर खेले थे तो उन्हें प्रभाव छोड़ने के लिए संघर्ष करना पड़ा था। हालांकि तब से उन्होंने काफी सुधार किया है। भारतीय टीम अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा।

# डेमोस्ट्रेशन चैंपियनशिप का आयोजन

▶ कराटे फीट रहने का मूलमंत्र है : संगीता रवि

एजेंसी

**रांची।** इंडियन स्कूल आफ मार्शल आर्ट्स की ओर से थर्ड इंटर डोजो कराटे डेमोस्ट्रेशन चैंपियनशिप का आयोजन बहुबाजार के वाइएनसीए परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर रांची बहुबाजार, अशोक नगर, धुर्वा, कासमस यूथ क्लब, बरियातू समेत से लगभग 50 कराटेकारों ने भाग लिया। चैंपियनशिप की अध्यक्षता सेंसई गुमन गाड़ी थे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसएस प्लस टू विद्यालय चिलदाग अनगड़ा की प्रचार्या संगीता रवि उपस्थित थी। उन्होंने चैंपियनशिप



में हिस्सा ले रहे प्रतिभागियों के हौसले की सराहना किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में कराटे फीट रहने का मूलमंत्र होने के साथ-साथ सेल्फ सुरक्षा का कवच है। इस अवसर पर उन्होंने चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कराटेकारों को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर फाउंडर देवाशीष राय, विमल आनंद नाग, कहेश कुमार, चंचल वरिष्ट, आरती सिंह कश्यप, प्रियंका लिपेत, सेंसई अनिल शर्मा, गुमन गाड़ी, पूजा हेरेंज, अमृत केरकेटा, अंशराज, सौरभ कुमार, कोमल कुमारी आदि उपस्थित थे।

# गुजरात जायंट्स की कप्तान नियुक्त हुई एशले गार्डनर

एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात जायंट्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के आगामी सीजन के लिए ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एशले गार्डनर को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट की एक प्रमुख शख्सियत गार्डनर ने 2017 में पदार्पण किया था।


गार्डनर दो बार बेलिंडा क्लार्क पुरस्कार विजेता हैं और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह 2023 में दक्षिण अफ्रीका में टी20 विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट थीं।

लीग की शुरूआत से ही गार्डनर गुजरात जायंट्स का अभिन्न हिस्सा रही हैं। डब्ल्यूपीएल के

महिला प्रीमियर लीग



पिछले दो सीजन में, उन्होंने 324 रन बनाए हैं और 17 विकेट हासिल किए हैं। गार्डनर ने फ्रेंचाइजी की ओर से जारी एक बयान में कहा, गुजरात जाइंट्स का कप्तान बनाया जाना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। मुझे इस टीम का हिस्सा बनना बहुत पसंद है और मैं आगामी सीजन में इस शानदार समूह का नेतृत्व करने के लिए उत्साहित हूं। हमारी टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों और भरपूर भारतीय प्रतिभाओं का बेहतरीन मिश्रण है। मैं टीम के साथ काम करने और अपने प्रशंसकों को गौरवान्वित करने के लिए उत्सुक हूं। टीम के मुख्य कोच माइकल क्लिंगर ने गार्डनर के नेतृत्व पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा, ह्ववह एक शानदार प्रतिस्पर्धी हैं। उनकी खेल जागरूकता, सामरिक कौशल और खिलाड़ियों को प्रेरित करने की क्षमता उन्हें गुजरात जाइंट्स की कप्तानी के लिए आदर्श विकल्प बनाती है। हमें विश्वास है कि वह आगे बढ़कर नेतृत्व करेंगी और टीम को एक सफल अभियान की दिशा में मार्गदर्शन करेंगी। पिछले सीजन में टीम का नेतृत्व बेथ मूनी ने किया था। पूर्व कप्तान के बारे में बोलते हुए, क्लिंगर ने कहा, ह्नमैं मूनी को उनके अत्यधिक मूल्यवान नेतृत्व के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। अब वह विकेटकीपिंग और ओपनिंग बैटिंग लाइनअप पर फोकस कर सकेंगी। वह हमारे समूह की एक प्रमुख लीडर बनी हुई हैं। अदानी स्पोर्ट्सलाइन के मुख्य व्यवसाय अधिकारी, संजय अडेसरा ने कहा, ह्नगार्डनर अपने समर्पण, कौशल और नेतृत्व के साथ गुजरात के दिग्गजों की भावना का प्रतीक हैं। कप्तान के रूप में उनकी नियुक्ति उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने वाली विश्व स्तरीय टीम बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दोहराती है। हमें विश्वास है कि उनकी कप्तानी में टीम डब्ल्यूपीएल में शानदार प्रदर्शन करेगी।



हरबिन में कर्लिंग इवेंट के मिश्रित युगल मैच में थाईलैंड की जोड़ी से खेलती हुई जापानी जोड़ी।

# घर पहुंचते ही नहाने की आदत तो जरा संभलकर

## पड़ सकता है भारी

**चिलचिलाती धूप से लोगों के हालत खराब हो जाती है। भले ही आप सुबह नहाने के बाद घर से बाहर निकलते हैं,लेकिन गर्मी और पसीने के कारण इरिटेशन महसूस होने लगती है। ऐसे में लोग घर पहुंचकर दोबारा से नहाना पसंद करते हैं, ताकि वो तरोताजा महसूस कर सकें। कई लोग रोजाना ही चिलचिलाती धूप या फिर ऑफिस से घर पहुंचकर पहले नहाते हैं। लेकिन ऐसा करने से आपकी सेहत को नुकसान हो सकता है।चलिए जानते हैं इसके बारे में एक्सपर्ट से......**

तेज गर्मी के कारण शरीर का तापमान बड़ा रहता है, ऐसे में जब हम अचानक गर्मी से घर पहुंचते ही नहाते हैं तो शरीर के तापमान में बदलाव आने लगता है। गर्मी और ठंडक की वजह से कई तरह के इंफेक्शन हो सकते हैं, इससे गले में खराश, जुकाम का होने का खतरा बढ़ सकता है, ऐसे में जरूरी है कि पहले घर पहुंचकर कम से कम आधा घंटा आराम से बैठें और उसके बाद ही नहाने जाएं।

वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो गर्मियों में कई बार नहाते हैं। उन्हें लगता है कि इससे उन्हें रिफ्रेश फिल होगा। लेकिन इससे उन्हें नुकसान हो सकता है।

बार-बार नहाने से स्किन से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि इससे



स्किन में मौजूद नेचुरल ऑयल कम होने लगता है जिसकी वजह से त्वचा ड्राई होने लगती है। साथ ही इससे आपको स्किन से जुड़ी कई तरह की समस्या हो सकती हैं।

इसलिए ध्यान रखें कि गर्मियों में सिर्फ दो टाइम ही नहाना चाहिए। सुबह और घर वापिस लौटने पर कुछ मिनट आराम करने के बाद, जिससे की आपके शरीर का तापमान रूम टेंपरेचर की तरह हो जाए या फिर रात में सोने के कुछ समय पहले। साथ ही गर्मियों के मौसम में घर पहुंचते ही इन गलतियों को करने से आपको बचना चाहिए।

### ठंडा पानी न पिएं



तेज धूप से आने के बाद प्यास तो बहुत लगती है। ऐसे में ज्यादातर लोग ठंडा या बर्फ वाला पानी पीने की गलती कर देते हैं। क्योंकि बाहर से आने के बाद बॉडी का तापमान बढ़ा हुआ होता है। ऐसे में अगर आप अचानक से ठंडा पानी पिएंगे, तो इससे शरीर के तापमान में बदलाव होगा और आपको गले में जुकाम, गले में खराश और खांसी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### एसी की हवा




तेज धूप से आने के बाद एसी वाले रूम में बैठने से बचें,क्योंकि एसी की ठंडी हवा से आपको गर्मी से राहत तो मिल सकती हैं लेकिन एकदम ठंडे में आकर सर्द गर्म हो सकता है। जिसकी वजह से आपको सेहत को नुकसान पहुंच सकता है।

# रोज डाइट में शामिल कर लें जुकिनी

## चौंका देंगे इसके फायदे!

हम सब ने बचपन से ये बात सुनी है कि हरी सब्जियां खाने से सेहत को कई तरह के फायदे मिलते हैं। मार्केट मे आपको कई तरह की हरी सब्जियां मिल जाएंगी जिसे आपको अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। आज हम जिस सब्जी की खासियत आपको बताएंग वो है जुकिनी, ये दिखने में तो बिल्कुल खीरे की तरह लगती हैं लेकिन गुणों में ये उससे भी ज्यादा है।

जुकिनी खीरे की तरह दिखने वाली एक सब्जी है जिसके बारे में बहुत कम लोग ही जानते हैं। कुछ लोग तो धोखे से इसे खीरा भी समझ लेते हैं। बात करें इसके गुणों की तो ऐसा कोई पोषक तत्व नहीं है जो इस सब्जी में न हो।



**इस एक सब्जी से आपको विटामिन्स, मिनरल्स, जिंक, पोटेशियम, फाइबर, विटामिन के, विटामिन सी, विटामिन बी6, मैंगनीज, मैग्नीशियम जैसे कई सारे न्यूट्रिएंट्स मिल जाते हैं।**

### पाचन तंत्र रखती है दुरुस्त

अगर आप अक्सर गैस, एसिडिटी जैसी समस्या से परेशान रहते हैं तो आपको अपनी डाइट में जुकिनी जरूर शामिल करना चाहिए। इसमें सौल्यूबल फाइबर की भरपूर मात्रा पाई जाती है जो पेट में गुड बैक्टीरिया को बढ़ाता है। साथ ही इसे खाने से शरीर में पानी की मात्रा की भी पूर्ती होती है।

### डायबिटीज से राहत

डायबिटीज के मरीजों के लिए ये सब्जी किसी दवा से कम नहीं है। इसे रोज अपनी डाइट में शामिल करके आप



ब्लड शुगर को नियंत्रण में रख सकते हैं। जुकिनी फाइबर और कार्बोहाइड्रेट का बेहतरीन सोर्स होती है, इसे अपनी डाइट में रोज शामिल करने से आपको डायबिटीज की दवा खाने की जरूरत नहीं पडेग़ी।

### आंखों की बढ़ेगी रोशनी

जुकिनी में बीटा कैरोटीन, विटामिन ए और सी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। ये तीनों ही आंखों की रोशनी बढ़ाने का काम करते हैं। इसके अलावा जुकिनी में ल्यूटिन और ज़ेक्सैंथिन नामक एंटीऑक्सीडेंट भी पाया जाता है जो रेटिना को हेल्दी बनाता है।

# बच्चे को पिलाती हैं पाउडर वाला दूध?

**नवजात या शिशु के लिए मां का दूध सबसे बेस्ट होता है। पर बिजी लाइफस्टाइल या दूसरी वजहों के चलते माता-पिता बच्चे को फॉर्मूला मिल्क यानी पाउडर वाला दूध पिलाने लगते हैं। भले ही इससे काम आसान हो जाता है पर क्या आप जानते हैं कि इससे सेहत को कई नुकसान हैं। दरअसल फॉर्मूला मिल्क को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। बच्चों के लिए बनाए जाने वाले फॉर्मूला मिल्क की जांच होगी और उनके खिलाफ कदम उठाए जाएंगे जो सरकार की जारी की हुई गाइडलाइन्स को फॉलो नहीं कर रहा है। वैसे फॉर्मूला मिल्क के मुकाबले मां का दूध बच्चे के लिए बेस्ट माना जाता है।**

### फॉर्मूला मिल्क पर सरकार सख्त

सरकार की ओर से फॉर्मूला मिल्क पर नया अपडेट जारी किया गया है। सरकार का कहना है कि इस मिल्क को लेकर गाइडलाइन फॉलो न करने वाली कंपनी के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक कार्ब्स के लिए इसमें लेक्टोज और ग्लूकोज का होना अनिवार्य है और इसमें फ्रुक्टोज न हो तो बेहतर है। कार्बोहाइड्रेट्स के लिए इसे ऐड किया जा रहा है तो इसकी मात्रा 20 परसेंट से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। दरअसल नेस्ले इंडिया के प्रोडक्ट्स में शुगर यूज के बाद ये नया अपडेट सामने आया है।



### क्या कहते हैं एक्सपर्ट

डायटिशियन का कहना है कि इस तरह के मिल्क की जगह मां का दूध ही बच्चे के लिए बेस्ट रहता है।

उनका कहना है कि इसमें हाइजीन से जुड़ी कई गलतियां दोहराई जाती हैं जिस कारण बच्चा



## भूल से भी न करें ये गलतियां

इंफेक्शन का शिकार हो जाता है। एक्सपर्ट कहते हैं कि पेरेंट्स बच्चे को पाउडर वाला मिल्क देते समय कई गलतियां करते हैं। इसमें बोतल को साफ न करना, रखे हुए दूध का इस्तेमाल शामिल हैं।

### भूल से भी न करें ये गलतियां

एक्सपर्ट के अनुसार माता-पिता दूध को बनाते समय हाथ साफ नहीं करते हैं। ऐसा करने से इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। इसकी जगह सीधे मां का दूध देना चाहिए।

# वीडियो कॉल को हिंदी में क्या कहते हैं?

## जानिए इससे जुड़ी दिलचस्प बातें



अनलिमिटेड इंटरनेट की वजह से लोग आजकल सामान्य कॉल के मुकाबले वीडियो कॉल ज्यादा करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि कई बार सामने वाले की बात सुनकर आप उसके अंदर की स्थिति को नहीं समझ पाते। जबकि, वीडियो कॉल पर उसके चेहरे को देख कर आप आसानी से समझ जाते हैं कि जिससे आप बात कर रहे हैं वो खुश है या दुखी। चलिए अब जानते हैं कि वीडियो कॉल को हिंदी में क्या कहते हैं। लेकिन इसके पहले हम आपको बताएंगे कि आखिर दुनिया में पहली बार वीडियो कॉल कब शुरू हुआ था।

पहला वीडियो कॉल :- आपको लगता होगा कि वीडियो कॉल की शुरुआत तो तब हुई होगी जब बेहतरीन स्मार्टफोन बाजार में आए। हालांकि, ऐसा नहीं है। दरअसल, पहला वीडियो कॉल इससे बहुत पहले 30 जून 1970 को हुआ था। ये कॉल पिट्सबर्ग के मेयर पीटर फ्लेहर्टी और अल्कोआ के अध्यक्ष और सीईओ जॉन हार्पर के बीच हुई थी।

हालांकि, ये वीडियो कॉल वैसी नहीं थी, जैसी आज हम करते हैं। कहा जाता है कि इस वीडियो कॉल को करने के लिए किसी स्मार्टफोन का इस्तेमाल नहीं किया गया था, बल्कि इसके लिए पिक्चरफोन मॉड II नाम के एक छोटे से डिवाइस का इस्तेमाल किया गया था।



वीडियो कॉल का हिंदी नाम :- हम दिन में कई बार वीडियो कॉल हिंदी में बोलते हैं। लेकिन हम आज तक नहीं जानते कि आखिर वीडियो कॉल को हिंदी में क्या कहते हैं। हमने जब गूगल पर इसके बारे में सर्च किया तो ज्यादातर जगह हमें वीडियो कॉल को हिंदी में चलचित्र दूरभाष लिखा मिला। दरअसल, इसकी खोज विदेश में हुई और वहां के लोगों ने इसे वीडियो कॉल कहा। यही वजह है कि भारत के लोग भी इसे वीडियो कॉल ही कहते हैं। हालांकि, चीन, कोरिया और जापान में इसे अलग-अलग भाषाओं में बोला जाता है। जैसे चीनी भाषा में इसे Shpn dinhu बोला जाता है।

# क्या छिपकली के गिरने से दूध हो जाता है जहरीला?

## जानें क्या है सच

भारतीय समाज में ये मान्यता है कि यदि दूध में छिपकली गिर जाए तो उसे पीना नहीं चाहिए। कहा जाता है कि छिपकली के गिरने से दूध जहरीला हो जाता है। इसकी सच्चाई क्या है चलिए जानते हैं। डॉक्टर्स के अनुसार, सबसे पहले तो इस भ्रांति को साफ कर दें कि छिपकली के दूध में गिरने से किसी की मौत हो जाती है। ऐसा कभी नहीं होता। डॉक्टर्स की मानें तो छिपकली के शरीर में जहर होने की बात भी सही नहीं है। उन्होंने बताया कि छिपकली के दूध में गिरने से स्वास्थ्य को नुकसान होने का कारण दूसरा है। छिपकली कई जगहों पर घूमती है। उसके शरीर पर गंदगी बैठ जाती है। इस वजह से दूध गंदा हो जाता है। लोगों के तबियत खराब होने की बात पर डॉक्टर्स कहना है कि फैली हुई भ्रांति की वजह से लोग बहुत डर जाते हैं। इस डर की वजह से कई बार लोगों को चक्कर आने लगते हैं। इसके साथ ही दूध में थोड़ी गंदगी होने की वजह से पेट में दर्द या दस्त लग सकते हैं, हालांकि इससे किसी की मौत नहीं हो सकती। छिपकली की वजह से दूध जहरीला हो जाने की बात पूरी तरह गलत है।



# हिंदू धर्म में महिलाएं शादी के बाद क्यों पहनती हैं मंगलसूत्र?

हिन्दू धर्म में शादी के बाद महिलाएं मंगलसूत्र पहनती हैं और ये महिलाओं के श्रृंगार का ही एक पार्ट है। हिन्दू धर्म में शादी के बाद मंगलसूत्र पहनना शादीशुदा होने का प्रतीक भी माना जाता है। दुल्हन को मंगलसूत्र पहनाना शादी की प्रमुख रस्मों में से एक है। धर्म शास्त्रों के अनुसार, मंगलसूत्र को एक महिला के लिए सुहाग की निशानी माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि शादी के बाद मंगलसूत्र पहनने से पति की आयु लंबी बनी रहती है। शादी के बाद पति-पत्नी के रिश्तों को जोड़कर रखने वाला धागा ही मंगलसूत्र होता है, इसलिए हिंदू धर्म में मंगलसूत्र पहनना बेहद ही शुभ माना जाता है।



शास्त्रों के अनुसार, शादी के बाद भगवान शिव और पार्वती सुहाग की रक्षा करते हैं। मंगलसूत्र कई जगहों पर पीले धागे से बनता है। मंगलसूत्र में पीले रंग का होना भी जरूरी है। पीले धागे में काले रंग के मोती पिरोए जाते हैं। कहा जाता है कि काला रंग शनि देवता का प्रतीक होता है। ऐसे में काले मोती महिलाओं और उनके सुहाग को बुरी नजर से बचाते हैं। पीला रंग बृहस्पति ग्रह का प्रतीक होता है जो शादी को सफल बनाने में मदद करता है। मंगलसूत्र का पीला भाग पार्वती माता और काला भाग भगवान शिव का प्रतीक होता है। हिन्दू परंपराओं के अनुसार, एक मंगलसूत्र में 9 मनके होते हैं, जो ऊर्जा के 9 विभिन्न रूपों का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये ऊर्जाएं पत्नी और पति को किसी भी बुरी नजर से बचाती हैं। इन मोतियों को सभी तत्वों वायु, जल, पृथ्वी और अग्नि की शक्ति के लिए भी जाना जाता है। ये 4 तत्व स्त्री और पुरुष के बीच के रिश्ते को मजबूत बनाए रखने में मदद करते हैं।

**वास्तु शास्त्र का हमारे जीवन में काफी ज्यादा महत्व होता है। कहा जाता है अगर चीजें सही तरीके से की जाए तो उसके परिणाम काफी सकारात्मक होते हैं वहीं, अगर चीजों को करने के तरीके में कोई खराबी हो या फिर उसे गलत तरीके से किया जाए तो इसका काफी नकारात्मक असर हमारे जीवन पर पड़ता है। वास्तु शास्त्र में हर तरह की समस्या के लिए उपाय बताये गए हैं। इसमें आपको छोटी से छोटी समस्या से लेकर बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान मिल जाएगा। आज की यह आर्टिकल उन लोगों के लिए काम की साबित होने वाली है जिनके बच्चों का मन पढ़ाई में नहीं लगता है या फिर पढाई करने के दौरान उनका मन भटक जाता है। आज हम आपको बताने वाले हैं कि वास्तु शास्त्र के अनुसार बच्चों की पढाई करने के लिए किस दिशा को सबसे बेस्ट माना जाता है। तो चलिए जानते हैं।**



# बच्चों की पढ़ाई के लिए कौन सी दिशा है सबसे बेस्ट?

वास्तु शास्त्र की अगर मानें तो एक पॉजिटिव वातावरण में अगर बच्चे पढाई करने बैठे तो ऐसे में वे ज्यादा बेहतर तरीके से फोकस कर पाते हैं केवल यहीं नहीं, उनमें उत्साह का भी संचार होता है। ऐसे में बच्चे किस जगह बैठकर पढाई कर रहे हैं इस बात का ख्याल माता-पिता के लिए रखना बेहद जरूरी हो जाता है। वास्तु शास्त्र की अगर माने तो बच्चे जिस जगह पढाई करने बैठ रहे हैं वह बिलकुल शांत और स्वच्छ होनी चाहिए। केवल यहीं नहीं, उनका स्टडी टेबल भी सही दिशा में होना चाहिए। वास्तु शास्त्र की अगर माने तो बच्चों के कमरे में अलग-अलग रंगों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से उनका ध्यान भटक सकता है। बच्चों के कमरे में शांत और मोटिवेटिंग रंगों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

वास्तु शास्त्र के अनुसार बच्चों के पढाई करने के लिए पूर्व और उत्तर-पूर्व दिशाओं को सबसे बेस्ट माना गया है। लेकिन, इनके अलावा भी कुछ दिशाएं हैं जिनमें बच्चे पढाई कर सकते हैं। पूर्व दिशा में क्यों करें पढाई : अगर आप सोच रहे हैं कि बच्चों को पढाई करने के लिए पूर्व दिशा किस तरह से शुभ हो सकता है तो बता दें, इस दिशा में ही सूर्योदय होता है जिस वजह से यह दिशा कंसंट्रेशन, एनर्जी और नॉलेज प्रोवाइड करती है। अगर आपका बच्चा सुबह उठकर पढाई करता है तो ऐसे में यह दिशा सबसे बेस्ट माना जाता है। पश्चिम दिशा में पढाई : इस दिशा में सूर्यास्त होता हैं जिस वजह से अगर आपके बच्चे इस तरफ चेहरा करके पढाई करें तो उनमें सोचने की शक्ति और क्रिएटिविटी को बढ़ावा मिलता है। अगर आपके बच्चे को आट्र्स या फिर म्यूजिक में दिलचस्पी है तो यह दिशा सबसे बेस्ट है।



## 'रूज़' बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में मचाएगी धमाल...

**मुंबई।** दिल्ली की रहने वाली स्टूडेंट फिल्ममेकर रिया शुक्ला की खुशी का ठिकाना नहीं है। आखिरकार उनकी शॉर्ट फिल्म 'रूज़' को बर्लिन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए जो चुना गया है। उनकी इस फिल्म को 75वें बर्लिन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के जनरेशन केप्लस सेगमेंट में प्रीमियर किया जाएगा। रिया शुक्ला की यह शॉर्ट फिल्म 13 से 23 फरवरी तक बर्लिन में आयोजित होने वाले फिल्म फेस्टिवल में प्रतिस्पर्धा करने वाली 15 फिल्मों में से एक है। न्यूयॉर्क की कोलंबिया यूनिवर्सिटी स्क्रीनराइटिंग और डायरेक्शन में फाइन आर्ट्स में मास्टर्स कर रहीं रिया शुक्ला ने 'रूज़' के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि इसका सफर बेहद कमाल का रहा है।

लाइफ Style



# हुमा राास आती हैं 'बिगड़ैल लड़कियां'

गैंग्स ऑफ वासेपुर फेम एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने हाल ही में अपनी किताब लिखी है, जिसके बारे में चर्चा करते हुए वह बताती है कि उन्हें खराब व्यवहार वाली महिलाएं ज्यादा पसंद है। हाल ही में हुमा कुरैशी ने अपनी एक पुस्तक लिखी, जिसका नाम 'जेबा: द एक्सीडेंटल हीरो' है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बीते रविवार को हुमा ने जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में हिस्सा लिया। अपनी पुस्तक की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि इसके मुख्य किरदार में एक ऐसी लड़की है, जो किसी को भी आसानी से पसंद आने वाली लड़की नहीं है। हालांकि, हुमा ने अपने आप को भी ऐसी ही लड़की बताया। हुमा कहती हैं, 'मैं महिलाओं को कैसे चलना चाहिए, कैसे कपड़े पहनना चाहिए, कैसे बर्ताव करना चाहिए जैसी बातों को कहे जान से परेशान हो गई हूं।' हुमा कहती हैं कि अपने खुले विचारों को लिखने में उन्हें मक्ति मिली। एक बिगड़ैल लड़की और लोगों के लिए थोड़ा अजीब लगने वाली लड़की को मुख्य किरदार में लिखने में हुमा ने अपने आपको बहुत सहज महसूस किया। वह ये भी बताती हैं कि जब आप अपने असल व्यक्तित्व को लिखना चाहते हैं, तो आपको कई कठिनाईयों का भी सामना करना पड़ता है। जब व्यक्ति किसी के छोटे से दिमाग में क्या चल रहा है यह पता कर ले तो वह चौंक सकता है, लेकिन उस चीज के सामने आने पर लोगों को आनंद भी मिलता है, इसी से जुड़े विचारों को हुमा आपके सामने लेकर आई हैं। हुमा बताती हैं कि महिलाओं को जिस दिन लिंग भेद से ऊपर उठकर देखा जाने लगेगा, उस दिन से महिलाओं को असली आजादी मिलेगी।

हॉलीवुड मसाला



## दिलों में बसती हैं रूसों की फिल्में

**लॉस एंजिल्स।** एंथनी रूसो एक अमेरिकी फिल्म निर्माता और निर्देशक हैं जो अपने भाई जोसेफ रूसो के साथ मिलकर कई ब्लॉकबस्टर फिल्में बना चुके हैं। उनकी फिल्मों ने दुनियाभर में दर्शकों को मोहित किया है। इनमें से कई फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर ऐतिहासिक सफलताएं हासिल की हैं। भारत में भी उनकी फिल्में काफी ज्यादा धमाल मचा चुकी हैं। उन्होंने 'कैप्टन अमेरिका: द विंटर सोल्जर' (2014) और 'कैप्टन अमेरिका: सिविल वॉर' (2016) जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है।



## लतीफा ने पहनी भारतीय डिजाइनर की ड्रेस...

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजेलिस में हुए 67वें ग्रैमी अवार्ड में भारतीय फैशन और शिल्पकला का एक शानदार पल देखने को मिला। इस अवॉर्ड फंक्शन रैपर और अभिनेत्री क्वीन लतीफा डिजाइनर राहुल मिश्रा के ब्लैक डिजाइनर कपड़े में नजर आईं। 67वें ग्रैमी अवॉर्ड विनर क्वीन लतीफा की ड्रेस ने सबका ध्यान खींचा। जब वह राहुल मिश्रा की डिजाइन की ड्रेस में नजर आईं। लतीफा ने ये ड्रेस पहनकर एक भारतीय डिजाइनर को ग्रैमी अवॉर्ड्स में पेश किया। उन्होंने जो ब्लैक ड्रेस पहनी वे थ्री डायमेंशनल डिटेल्स से हुआ था। इस ड्रेस के बारे में खुद डिजाइनर ने बताया है। डिजाइन राहुल मिश्रा ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर बताया कि इस ड्रेस को 12 घंटों में कारीगरों ने मिलकर बनाया है। इस ड्रेस पर लतीफा ने इस लुक को डायमंड नेकलने और लाइट मेकअप के साथ स्टाइल किया।



## 'लवयापा' से हटाए जुनैद के डांस सीन्स

**मुंबई।** जुनैद खान ने एक बुरे डांसर होने की बात स्वीकार की और बताया कि आने वाली फिल्म 'लवयापा' के गाने रहना कोल में उनका हिस्सा तब रद्द कर दिया गया, जब कोरियोग्राफर फराह खान ने उन्हें डांस करते देखा। जुनैद खान इस फिल्म के साथ बड़े पर्दे पर अपनी शुरुआत करेंगे। हाल ही में फिल्म से नया गाना जारी हुआ, जिसमें जुनैद और खुशी की परफॉर्मेंस को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिलीं। अब जुनैद खान ने खुलासा किया कि वह एक खराब डांसर हैं। 'फराह मैम ने हमारा डांस कैंसिल कर दिया। रिहर्सल के दौरान उनके असिस्टेंट ने हमें स्टेप्स सिखाए, लेकिन जब उन्होंने मुझे परफॉर्म करते देखा तो उन्होंने सिर्फ खुशी का डांस रखने का फैसला किया और मेरा पार्ट कैंसिल कर दिया। उन्होंने मुझे अपने सामने परफॉर्म करने के लिए कहा।



## ग्रैमी अवॉर्ड्स समिति को लगाई फटकार...

**लॉस एंजिल्स।** संगीत की दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित ग्रैमी अवार्ड्स 2025 का सोमवार को आयोजन हुआ। लॉस एंजिल्स में आयोजित समारोह में बियोंसे से लेकर शकीरा तक को अवॉर्ड्स मिले। इस दौरान उन कलाकारों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई, जिनका निधन पिछले साल हुआ था। लेकिन, अफसोस कि भारतीय तबला वादक दिवंगत जाकिर हुसैन का इसमें जिक्र नहीं किया गया। जबकि वह 4 बार ग्रैमी जीत चुके थे। अब सिंगर सामी इस बात से बुरी तरह खफा हो गए हैं। उन्होंने ग्रैमी वालों को लताड़ लगाई है और कहा है कि उन्हें शर्म आनी चाहिए। बीते साल जाकिर हुसैन का दिसंबर 2024 में निधन हो गया था। सामी ने ग्रैसी से अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। उन्होंने सख्त लहजे में आयोजन समिति को फटकार लगाई है।

टीवी मसाला



## बिग बी फ्रिज में हो गए थे बंद! पड़ी थी बहुत मार...

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन आज भले ही बॉलीवुड के शहंशाह हैं। जिंदगी के 82 बसंत देख चुके हैं। लेकिन जैसे हर बच्चा बचपन में शरारती होता है, वैसे ही बिग बी ने भी अपने इलाहाबाद (अब प्रयागराज) के पैतृक घर में खूब उपद्रव किया था। एक बार अपने नटखटपन में वो फ्रिज में बंद हो गए थे और फिर उन्हें बहुत मार पड़ी थी। ये किस्सा उन्होंने क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 16' में सुनाया है। जूनियर वीक की शुरुआत 3 फरवरी से हो गई है। यंग कंटेस्टेंट्स ने फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट चैलेंज में हिस्सा लिया और उनमें से जो जीता, वो हॉट सीट पर बैठा। गेम खेलने के दौरान अमिताभ बच्चन ने कंटेस्टेंट प्रनूषा थमके से बात की। उन्होंने बताया कि कैसे वो फ्रिज के अंदर फंस गए थे। अमिताभ बच्चन ने कहा, 'जब हम छोटे थे ना, तब ये फ्रिज वगैरह नहीं था। सिर्फ पंखा था। हम लोग सोचते थे कि ये क्या है। हम इलाहाबाद में रहते थे। हमारे पास ऐसे साधन नहीं थे- जैसे एसी वगैरह। तो टेबल फैन के सामने बर्फ का टुकड़ा रख के उसको पीछे से चलते थे तो ठंडी हवा आती थी।' बिग बी ने आगे कहा, 'फिर कुछ सालों के बाद घर में आ गया एक बड़ा सा फ्रिज। उसको खोला तो देखा कि ये बहुत ठंडा है। हम थोड़े छोटे थे। एक दिन हम उसके अंदर घुस गए। किसी को बताया नहीं और दरवाजा हो गया बंद। हमने चिल्लाया। फिर हम निकले, बहुत मार पड़ी हमको।'

## 'सिलेब्रिटी मास्टरशेफ' के जजों ने उषा ताई का खाना टेस्ट करने से किया इनकार...

**नई दिल्ली।** 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें 'पवित्र रिश्ता' फेम मराठी एक्ट्रेस उषा नाडकर्णी का खाना टेस्ट करने से जज शेफ ने इनकार कर दिया। हालांकि, लोगों ने इस वीडियो को देखने के



बाद उल्टा उषा नंदकर्णी पर अपना गुस्सा उतारा है। पाक कला पर बेस्ड इस शो को फराह खान, विकास खन्ना और रणवीर बरार जज कर रहे हैं। इसी शो के एक एपिसोड की ये झलक हर किसी को हैरान कर रही है। शो मेकर्स ने हाल ही में'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' का एक प्रोमो वीडियो शेयर किया है जिसमें उषा नाडकर्णी के बनाए खाने को टेस्ट करने से जज ने इनकार कर दिया। इस वीडियो में उषा से फराह पूछती हैं कि उन्होंने क्या बनाया है? तो जवाब देते हुए वो बताती हैं- ड्राई चिकन। इसके बाद जज चेक करते हैं तो उषा पूछती हैं- क्या हुआ? फराह ने कहा- पूरा कच्चा है। इसपर रणवीर बरार कहते हैं- हमलोग खाएंगे तो बीमार हो जाएंगे।

## 'कुछ सपने अपने' में दिखेगी प्यार की अनोखी कहानी

**नई दिल्ली।** नेशनल अवॉर्ड विनर फिल्ममेकर और कशिश फिल्म फेस्टिवल के फाउंडर श्रीधर रंगायन और सागर गुप्ता द्वारा निर्देशित फिल्म 'कुछ सपने अपने' सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। इस फिल्म की कहानी बॉलीवुड की लव स्टोरी से काफी अलग और दिल को छू लेने वाली है। फिल्म 'कुछ सपने अपने'लंबे समय अपनी रिलीज का इंतजार कर रही थी। अब यह हिंदी फीचर फिल्म वैलेंटाइन वीक के बाद रिलीज होगी। फिल्म को 21 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है। फिल्म के कुछ महीनों पहले रिलीज हुए ट्रेलर में नजर आया था कि यह कहानी यंग जनरेशन के प्यार और नजरिए को लेकर है। श्रीधर रंगायन और सागर गुप्ता द्वारा निर्देशित फिल्म 'कुछ सपने अपने'एक समलैंगिक जोड़े के प्यार की कहानी है। साथ ही इनके प्यार के बीच परिवार की क्या भूमिका है? इस विषय के आसपास ही फिल्म की कहानी कही जा रही है। फिल्म को बहुत ही संवेदनशील तरीके से बनाया गया है।



सुषमा स्वराज के प्रयासों से ही हो सके थे रिहा

## थंडेल में दिखाई जाएगी पाकिस्तान में फंसे 22 मछुआरों की असल कहानी

**नई दिल्ली।** नागा चैतन्य और साई पल्लवी अपनी बड़ी रिलीज 'थंडेल' के लिए कमर कस रहे हैं। यह लव-एक्शन-ड्रामा फिल्म 2018 में हुई वास्तविक घटनाओं पर आधारित है जिसमें भारतीय मछुआरों को पाकिस्तानी सेना ने बंदी बना लिया था और उन्हें जेल में डाल दिया था. यह बात सभी जानते हैं कि विदेश मंत्री रहीं सुषमा स्वराज, जो विदेशों में भारतीयों के लिए एक साहसी वकील थीं, ने पाकिस्तान की जेल में बंद 22 मछुआरों की रिहाई सुनिश्चित करने में अथक योगदान दिया। प्रतिष्ठित नेता के निधन के बाद, उनकी बेटी बांसुरी स्वराज ने उन 22 मछुआरों की वापसी सुनिश्चित की। निर्देशक चंदू मोंडेती आगामी फिल्म 'थंडेल' के साथ इस घटना को बड़े पर्दे पर लाने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में सुषमा स्वराज और उनके



परिवार के अटूट योगदान को भी दर्शाया गया है। 'थंडेल' के निर्माता बनी वासु ने बांसुरी स्वराज से सुषमा स्वराज के नाम के साथ-साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की वास्तविक फुटेज का उपयोग करने की अनुमति मांगी। इस पर परिवार ने पूरे दिल से उन्हें एनओसी के साथ अनुमति दे दी। अनुमति मिलने पर, बनी वासु ने आभार व्यक्त किया।

### 7 को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता नवीन नूली संपादक हैं और श्रीनागेंद्र तंगला कला विभाग का नेतृत्व करते हैं। चंदू मोंडेती द्वारा निर्देशित, 'थंडेल' का निर्माण गीता आर्ट्स के बैनर तले बनी वासु द्वारा किया गया है, जिसमें अल्लू अरविंद इसे प्रस्तुत कर रहे हैं। यह फिल्म 7 फरवरी को सिनेमाघरों में उतरेगी और दर्शकों को रोमांच और चरम सिनेमा की एक रोमांचक यात्रा पर ले जाएगी।

***नागा चैतन्य और साई पल्लवी हैं मुख्य भूमिका में :*** 'थंडेल' में नागा चैतन्य और साई पल्लवी मुख्य भूमिका में हैं, जबकि संदीप आर वेद एक खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही नेटिजन्स ने फिल्म की बड़ी रिलीज के लिए अपनी हार्दिक सराहना और शुभकामनाएं दी हैं। प्रभावशाली स्टार कास्ट के साथ इस फिल्म में शानदार तकनीकी दल भी है जिसमें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संगीतकार देवी श्री प्रसाद संगीत की कमान संभाल रहे हैं और शमदत ने छायांकन का काम संभाला है।

## सोनाली से लेकर ताहिरा तक, कैंसर से जंग जीत चुके इन योद्धाओं ने किया लोगों को जागरूक

***नई दिल्ली।*** *4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर बॉलीवुड के इमरान हाशमी, ताहिरा कश्यप और सोनाली बेंद्रे ने कैंसर के खिलाफ लड़ाई के प्रति लोगों को जागरूक किया है, क्योंकि इन सभी सितारों ने कैंसर को बहुत करीब से न सिर्फ देखा है, बल्कि उसे मात भी दी है। इन सितारों ने कैंसर के शुरुआत में ही उसे पहचान कर उपचार की बात कहा, जिससे आप अपने अमूल्य जीवन को बचा सकते हैं।*

### ताहिरा ने कैंसर को उखाड़ फेंकने का काम किया

फिल्म निर्माता ताहिरा कश्यप को 2018 में स्तन कैंसर होने का पता चला था, जिसके बाद उन्होंने इसका शुरुआती लक्षणों को पहचान उपचार शुरू किया और इस असाध्य बीमारी को जड़ से उखाड़ फेंका। ताहिरा ने सरकार के आयुष्मान भारत और जन आरोग्य जैसी योजनाओं की तारीफ की और कहा इससे आर्थिक स्थिति सही ना होने पर भी लोगों को समय पर कैंसर का इलाज संभव हो पा रहा है। कैंसर रोग के लिए अति शीघ्र उपचार ही जीवित रहने की कुंजी है।



### सोनाली ने भवायह कैंसर को दी पटखनी

बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे भी 2018 में हाई ग्रेड कैंसर से पीड़ित हुई, लेकिन इन्होंने हार नहीं मानी और शुरूआती उपचार और कैंसर से लड़ने की मजबूत इच्छा के कारण इस बीमारी को हरा दिया।



### जब इमरान के बेटे को कैंसर ने जकड़ लिया था

बॉलीवुड के अभिनेता इमरान हाशमी ने बताया कि 2014 में जब उनके बेटे के कैंसर के बारे में पता चला तो मैं और मेरा पूरा परिवार टूट गया था। लेकिन मन में मजबूत इच्छा और लोगों के समर्थन के कारण हमने कैंसर से लड़ा और जीत हासिल की। उन्होंने कहा आइए इस कैंसर रोग से हमसभी मिलकर लड़ें, क्योंकि सबका जीवन अमूल्य है।

## 6 को ओटीटी पर रिलीज होगी 'गेम चेंजर'

***नई दिल्ली।*** *राम चरण की 'गेम चेंजर' के ओटीटी अधिकार अमेजन प्राइम वीडियो ने हासिल किया है। अब ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो ने संकेत दिया है की फिल्म की डिजिटल रिलीज की तारीख का बहुत जल्द ही ऐलान किया जाएगा। हालांकि, सोशल मीडिया पर चल रहीं अटकलों के अनुसार, 'गेम चेंजर' का प्रीमियर 6 फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर होने की उम्मीद है। हालांकि, इस तारीख को लेकर निर्माताओं की ओर से आधिकारिक मुहर लगनी बाकी है। शंकर द्वारा निर्देशित और राम चरण अभिनीत फिल्म 'गेम चेंजर' शुक्रवार, 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। हालांकि, इस एक्शन एंटरटेनर ने शानदार ओपनिंग ली, लेकिन दूसरे दिन से ही इसका कलेक्शन गिर गया। इसके साथ ही गेम चेंजर अब सिनेमाघरों से विदा लेने वाली है। फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 51 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था।*





## आस्था की डुबकी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को प्रयागराज महाकुम्भ में त्रिवेणी संगम स्नान किया। इस ऐतिहासिक और विशेष स्नान को उन्होंने अद्भुत बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी ने संगम में स्नान की तस्वीरों को साझा करते हुए लिखा कि मां गंगा का आशीर्वाद पाकर मन को असीम शांति और संतोष मिला। यही नहीं पीएम मोदी ने ये भी बताया कि उन्होंने मां गंगा से सभी देशवासियों के सुख-समृद्धि, आरोग्य और कल्याण की भी कामना की। उल्लेखनीय है कि बुधवार को त्रिवेणी संगम में स्नान के दौरान पीएम मोदी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अर्चना के साथ ही संगम आरती भी की और संगम तटों पर मौजूद श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया।

# अटल विरासत सम्मेलन 15 जनवरी से 15 मार्च तक

## अटल जी की स्मृतियों से जुड़े लोग होंगे सम्मानित : डॉ. महेश शर्मा




**नोएडा (चेतना मंच)।** अटल जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य पर भाजपा नोएडा महानगर ने बरौला के होटल रिजेंटल ग्रैंड में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता को सांसद डॉ महेश शर्मा ने संबोधित किया।

डॉ महेश शर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी से जुड़ी स्मृतियों को हम जगह जगह पूरे भारत वर्ष में संग्रहित करेंगे जिसके लिए सभी जिलों में गठित अटल शताब्दी आयोजन समिति जिला स्तर पर अपने जिलों से जुड़ी अटल की स्मृतियों का संग्रह करेगी। 15 फरवरी से 15 मार्च 2025 तक नोएडा में विशेष अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा इस सम्मेलन में जिले के प्रबुद्धजन, विशिष्ट व्यक्तियों और अटल जी के प्रशंसकों को आमंत्रित किया जाएगा। विशेष रूप से उन वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा, जिन्होंने अटल जी के साथ काम किया है। साथ ही, अटल जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर पुस्तकें लिखने वाले लेखकों को भी सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अटल जी के संकल्पों को साकार करते अगर आज भारत के हर व्यक्ति तक अगर आजादी की रोशनी की किरण ना पहुंचे ऐसी आजादी बेमानी होगी। आज इस संकल्प को पूरा करते हुए हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आम जन के हित की बात की है कि देश का कोई भी व्यक्ति उसे भूख ना सोए, देश के हर व्यक्ति पर सोने के लिए एक छत हो यानी प्रधानमंत्री आवास योजना, टॉयलेट भी हो घर में बिजली भी हो।आज अटल जी के और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों का भारत बनाने की ओर जो हम अग्रसर है 2047 तक एक विकसित भारत के रूप में भारत बनेगा।

प्रेसवार्ता में भाजपा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, महामंत्री उमेश त्यागी, चंदगीराम यादव, अटल जन्म शताब्दी कार्यक्रम के संयोजक गिरीश कोटनाला, सह संयोजक चमन अवाना, कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष उमेश यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष शारदा चतुर्वेदी, एसपी चमोली, राजकुमार झा, रवि प्रधान समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# 9 को ''पेट रोल कार्निवल'' डॉग शो




**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा में डॉग लवर्स के लिए अच्छी खबर है। नोएडा प्राधिकरण 9 फरवरी से पैट रोल कॉर्निवल-2025 के नाम से डॉग शो का आयोजन करने जा रहा है। इस शो में 250 से अधिक डॉग की 35 नस्लों को प्रदर्शित किया जाएगा।

नोएडा प्राधिकरण के कार्यालय में डॉग शो को लेकर एक बैठक हुई। जिसमें डॉग शो के बारे में विस्तार से बताया गया। नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ संजय खत्री ने बताया कि 9 फरवरी को सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक डॉग शो होगा। पैट लवर्स www.pet-roll.com पर उक्त प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इस डॉग शो को पैट रोल इंवेंट के संयोजक श्याम मेहता के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। डॉग शो में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध जज विक्टोरिया जेवेनको फिलिप एंड्रिक और ओलगा खमेलवाकाया 12 टॉप डॉग को पुरस्कृत करेंगे। इस डॉग शो में पैट फैशनशो सबसे अनोखा होगा। जहां डॉग अपने स्टाइल को प्रदर्शितकरेंगे। इसके अलावा बेस्ट लेडी डॉग हैंडलर और बेस्ट चाइल्ड डॉग हैंडलर को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

इस डॉग शो में फूड स्टॉल और म्यूजिकल बैंड और डीजे भी प्रस्तुति देंगे। इस प्रतियोगिता में जर्मन शैफर्ड, गोल्डन रिट्रीवर, साइबेरियन हस्की तथा पग व बुल्डॉग नस्ल के कुत्ते प्रदर्शित किए जाएंगे।

इस बैठक में नोएडा प्राधिकरण के जीएम हेल्थ एसपी सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक आर.के.शर्मा भी मौजूद रहे।

# सूरजपुर वेटलैंड में बर्ड फेस्टिवल का हुआ शुभारंभ



**नोएडा (चेतना मंच)।** विश्व वेटलैंड दिवस के अवसर पर वन्य जीव संरक्षण एवं इको पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सूरजपुर वेटलैंड ग्रेटर नोएडा में वन विभाग द्वारा बर्ड फेस्टिवल-2025 का भव्य आयोजन किया गया, जिसका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह एवं विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा विधिवत् रूप से शुभारंभ किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में डिप्टी कमिश्नर ऑफ़ पुलिस नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी भी उपस्थित रहे।

पुलिस आयुक्त एवं जिलाधिकारी ने इस अवसर पर वेटलैंड एवं इको टूरिज्म पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों तथा अन्य स्थानीय लोगों को वेटलैंड के बारे में जानकारी दी और बताया कि इसका किस प्रकार से संरक्षण किया जा सकता है।

इस दौरान सूरजपुर वेटलैंड बर्ड वाचर/स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा बर्ड वाचिंग कार्य किया गया। बर्ड वाचिंग के दौरान छात्र-छात्राओं को वेटलैंड में आए प्रवासी एवं अप्रवासी पक्षियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम की समाप्ति पर मुख्य अतिथियों में विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

इस अवसर पर प्रभागीय वन अधिकारी प्रमोद कुमार, सी विंग फाउंडर मदन मोहन भारद्वाज, पूर्व हॉकी प्लेयर मनजीत सिंह, इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ग्रेटर नोएडा के सदस्य, वन्य/जीव पक्षी प्रेमियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, आर्यदीप पब्लिक स्कूल, दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, खेतान पब्लिक स्कूल, जेएसएस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों तथा अन्य लोग मौजूद थे।

## नोएडा स्टेडियम श्रीरामकथा

# भगवान  श्री राम के बाल्यकाल का किया वर्णन



**नोएडा (चेतना मंच)।** परम पूजनीय विजय कौशल महाराज जी ने आज भगवान राम के बाल्यकाल की अनेक लीलाओं की कथा बताई,भगवान राम के जन्म के बाद अयोध्या में खुशियां मनाई और सभी नगर निवासियों ने कैसे सुख प्राप्त किया।भगवान राम के जन्म के बाद कैसे देवी देवता सभी अवध में भगवान के दर्शन करने आये.भगवान के नाम को महिमा प्रकट करते हुए महाराज जी ने बताया कि इस कलयुग में हम कैसे भगवान को प्राप्त कर सकते है।कैसे भगवान के साथ जुड़ने का अनुभव प्राप्त कर सकते हैं इसका केवल एक उपाय है भगवान को कथा को सुनना।

कौशल महाराज ने बताया कि हमें कैसे जीवन भगवान राम के परिवार से प्रेरणा लेनी चाहिए।

कथा में नेवैद्य शर्मा, परमात्मा शरण बंसल, धर्मपाल गोयल, एन के अग्रवाल, एस एन गोयल, प्रमोद शर्मा, संजय गुप्ता, संदीप अग्रवाल, बलराज गोयल , महेंद्र शाह, विमल अग्रवाल, मुकुल वाजपेयी, राजीव अजमानी , मनीष गुप्ता, संदीप तायल, पवन शर्मा, संजय बाली, अजय पुन्डीर, विनय अग्रवाल, मित्र मंडल के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष संजय गोयल, उनकी धर्मपत्नी सविता गोयल, भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष तुषार गोयल, केशव गंगल, मूलचंदगुप्ता, पंकज अग्रवाल, मोहनलाल गुप्ता, विकास बंसल तथा भानुप्रकाश अग्रवाल समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

